जबलपुर शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 > चैत्र 25 शक संवत 1948 वैशाख कृष्ण अमावस्या विक्रम संवत 2083

वर्ष 31 अंक 291 > मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंचे ⏩ 10

# स्वतंत्र मत

## सुविचार

'जो मनुष्य अपने क्रोध को अपने ही ऊपर झेल लेता है, वह दूसरों के क्रोध से बच जाता है।'

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



शर्मा की लॉटरी टिकटः तो क्या 6 लाख में तीन जानों का हुआ सौदा ⏩ 2



रूढ़िवादी परम्परा को आईना दिखाते हुए एक बेटी ने किया पिता का अंतिम संस्कार ⏩ 5



आहना की पहल पर बस स्टैंड में लगा प्याऊ ⏩ 9

# जो विरोध करेगा वह लंबे वक्त तक कीमत चुकाएगा

## महिला आरक्षण बिल पर बोले प्रधानमंत्री मोदी




नई दिल्ली

लोकसभा में गुरुवार को तीन बिल- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026, संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 तथा परिसीमन विधेयक 2026 पेश कर दिये गए। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में परिसीमन बिल पेश किया। लोकसभा में पेश किए गए तीनों बिलों पर 17 अप्रैल को शाम 4 बजे वोटिंग होगी। बिल के लोकसभा में पेश करते ही कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने बिल का विरोध किया तो सदन में हंगामा शुरू हो गया। डीएमके सांसद टीआर बालू ने सदन में पेश तीनों बिलों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि ये तीनों बिल ही सैंडविच बिल हैं, हम विरोध करते हैं। क्योंकि ये आपस में इंटरलिंक हैं। हमारी पार्टी इसका विरोध करती है। हमने काले झंडे दिखाए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप चाहे पीले झंडे दिखाओ या काले दिखाओ। इससे सदन को कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिसीमन बिल पर लोकसभा में अपनी बात रखनी शुरू की है। उन्होंने कहा- राष्ट्र के जीवन में कुछ बड़े पल आते हैं उस समय समाज की मनोस्थिति एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती हैं। मैं समझता हूं संसद के इतिहास में ये वैसे ही पल हैं। आवश्यकता यही थी कि 25 से 30 साल पहले जब ये विचार सामने आया। जरूरत महसूस हुई तब इसे लागू कर देते और आज तक इसे परिपक्वता तक पहुंचा देते। हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं। हमारी हजार साल की विकास यात्रा रही है। महिला आरक्षण बिल पर उन्होंने कहा- हमारे देश में जब चुनाव आया है उसमें महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का जिस जिसने विरोध किया है उसका हाल बुरा हुआ है। 2024 के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि किसी ने विरोध नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भी मैं कहता हूं कि हम साथ जाते हैं तो इतिहास गवाह है कि ये किसी एक के पक्ष में नहीं जाएगा, ये देश के लोकतंत्र के पक्ष में जाएगा। हम सब उसके हकदार रहेंगे। इसलिए जिन को इसमें राजनीति की बू आ रही है वो खुद के परिणामों को देख लें। इसी में फायदा है जो नुकसान हो रहा है उससे बच जाओगे। इसलिए इसे राजनैतिक रंग देने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी बोले- मैं अपील करने आया हूं कि इसको राजनीतिक तराजू से मत तौलिए। आज का यह अवसर एक साथ बैठकर एक दिशा में सोचकर विकसित भारत बनाने में खुले मन से स्वीकार करने का अवसर है। मैंने पहले भी कहा कि आज पूरा देश विशेषकर नारी शक्ति हमारे निर्णय तो देखेगी लेकिन उससे ज्यादा हमारी नीयत को देखेगी, इसलिए हमारी नीयत की खोट देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

### सबकी फोटो छपवा देंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि- कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा, अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नुकसान नहीं होगा। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं।

### तंज : चाणक्य जिंदा होते तो वो भी चौंक जाते



लोकसभा में गुरुवार को महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने मजाकिया अंदाज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर एक तंज कसा, जिसे सुनकर वह भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। प्रियंका गांधी ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण का कदम वास्तव में केंद्र की एनडीए सरकार का पॉलिटिकल ट्रंप कार्ड है, जिसके जरिए वह चुनावों में लाभ लेना चाहती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले के संबोधन का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा महिलाओं के अधिकारों की हिमायती रही है। प्रियंका ने बोलते-बोलते अमित शाह की ओर देखा, वह मुस्कुरा रहे थे। इस पर प्रियंका गांधी की भी हंसी छूट गई। उन्होंने हंसते हुए कहा, गृह मंत्री जी हंस रहे हैं। पूरी तैयारी बना रखी है आपने। आज चाणक्य अगर आज जिंदा होते तो वो भी चौंक जाते, आपकी कुटिलता की दाद देते। उनके इतना कहने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से जमकर ठहाके लगे। प्रियंका गांधी और अमित शाह भी हंस रहे थे।

## अब सरकारी कार्यक्रमों में नहीं जाऊंगाः अमर सिंह



**राजगढ़।** राजगढ़ जिला अस्पताल के मॉड्यूलर ओटी लोकार्पण विवाद के बाद अब जिले की राजनीति खुलकर गरमा गई है। भाजपा विधायक अमरसिंह यादव ने गुरुवार को प्रशासन के खिलाफ सख्त तेवर अपनाते हुए साफ ऐलान कर दिया है कि जब तक संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती, वे किसी भी शासकीय कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। विधायक के इस रुख से प्रशासनिक और सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है।

## क्रॉस वोटिंगः कांग्रेस के 5 विधायक सस्पेंड

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले पांच विधायकों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। जिन विधायकों को निलंबित किया गया है उनमें शैली चौधरी, रेणु बाला, मोहम्मद इलियास पुनहाना, मोहम्मद इसराइल और जरनैल सिंह शामिल हैं। ये सभी विधायक नारायणगढ़, सढौरा, रतिया, पुनहाना और हथीन विधानसभा क्षेत्रों से निर्वाचित हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टकराए दो विमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को एक मामूली विमान हादसा सामने आया, जब स्पाइसजेट का एक विमान खड़े अकासा एयर के विमान से टकरा गया। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट विमान के विंगटिप ने ग्राउंड मूवमेंट के दौरान अकासा एयर के स्थिर विमान के पंख को हल्के से छू गया। हालांकि टक्कर बेहद हल्की थी, जिससे दोनों विमानों को मामूली नुकसान पहुंचा।

# मतदान से दो दिन पहले जुड़ा है नाम तो कर सकेंगे मतदान

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- चुनाव आयोग बंगाल में सप्लीमेंट्री लिस्ट अपडेट करे



नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव से दो दिन पहले तक सप्लीमेंट्री लिस्ट में नाम जुड़ने वाले वोटर्स मतदान कर सकेंगे। जिन वोटर्स की आपत्ति ट्रिब्यूनल में पेंडिंग होगी, उन्हें वोट डालने की इजाजत नहीं होगी। बंगाल में 2 फेज में 23 और 29 अप्रैल को चुनाव है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल्स को पहले फेज के चुनाव के लिए 21 अप्रैल तक और दूसरे फेज में 27 अप्रैल तक आपत्तियों का निपटारा करने को कहा है। जैसे ही ट्रिब्यूनल नाम जोड़ने का आदेश देगा, इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर तुरंत सूची में संशोधन करेंगे और लिस्ट जारी की जाएगी। दरअसल, बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में 90.83 लाख वोटर्स के नाम काट दिए गए हैं। इन वोटर्स की अपील सुनने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रिब्यूनल पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाना चाहिए, लेकिन एक मजबूत अपील प्रणाली जरूरी है ताकि असली वोटर्स के अधिकार सुरक्षित रह सकें। अगर बड़ी संख्या में वोटर्स बाहर रह जाते हैं और चुनाव में जीत का अंतर कम होता है, तो नतीजों पर सवाल उठ सकते हैं। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया और राज्य सरकार ट्रिब्यूनल को पूरा सहयोग दें। सुनवाई के दौरान बताया गया कि 19 ट्रिब्यूनल के सामने 34 लाख से ज्यादा अपीलें लंबित हैं। ये ट्रिब्यूनल रिटायर्ड हाईकोर्ट जजों की अगुवाई में बनाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभियान का मकसद वोटर लिस्ट से डुप्लिकेट और अयोग्य नाम हटाना बताया जा रहा है। हालांकि इस पर सियासी विवाद तेज है। सत्ताधारी पार्टी ने बड़े पैमाने पर मतदाताओं को बाहर करने का आरोप लगाया है, जबकि ईसीआई इसे निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी बता रहा है।

# दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की उम्र का प्रमाण ना हो तो बतौर सबूत मान्य नहीं होगी मार्कशीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि यदि पीड़िता की आयु को लेकर पुख्ता प्रमाण न हों और वह संदेह के दायरे में हो, तो मात्र अंकसूची में अंकित जन्मतिथि को सजा का ठोस आधार नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि जब उम्र के साक्ष्य ही विवादास्पद हों, तो मार्कशीट को अंतिम सत्य के रूप में स्वीकार करना उचित नहीं है। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता के बालिग होने की प्रबल संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके चलते ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोपी को दी गई सजा को निरस्त कर दिया गया। अभियोजन के अनुसार, रायसेन जिले के बाड़ी थाना में नर्मदापुरम के पिपरिया निवासी दिनेश वर्मा लोधी पर अपहरण और दुष्कर्म के आरोप लगे थे। इस प्रकरण में निचली अदालत ने 21 फरवरी, 2025 को अपना आदेश सुनाते हुए आरोपित को दोषी करार दिया था। उसे 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। ट्रायल कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील प्रस्तुत की थी। उसकी ओर से दलील दी गई कि पीड़िता घटना के समय वयस्क थी और उसने अपनी स्वेच्छा से आरोपित के साथ जीवन व्यतीत करने का निर्णय लिया था। सुनवाई के दौरान दस्तावेजों के सूक्ष्म परीक्षण में कई खामियां उजागर हुईं। कोर्ट ने पाया कि स्कूल के दाखिल खारिज रजिस्टर में जन्मतिथि के महीने वाले कालम में ओवरराइटिंग की गई थी। संबंधित स्कूल के शिक्षक ने भी गवाही में स्वीकार किया कि बिना किसी आधिकारिक प्रमाण पत्र के केवल पिता के मौखिक कथन के आधार पर जन्मतिथि दर्ज की गई थी।

# हरिवंश लगातार तीसरी बार बनेंगे राज्यसभा उपसभापति

### विपक्ष ने नहीं उतारा उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** संसदीय राजनीति में हरिवंश नारायण सिंह एक बार फिर नया इतिहास रचने जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, राज्यसभा के उपसभापति पद के लिए वह लगातार तीसरी बार निर्विरोध चुने जाने की दहलीज पर खड़े हैं। राज्यसभा सचिवालय को उनके समर्थन में अब तक कुल पांच नोटिस प्राप्त हुए हैं, जबकि दिलचस्प बात यह है कि मुख्य विपक्षी खेमे की ओर से किसी भी उम्मीदवार का नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। भले ही हरिवंश की राह में कोई प्रतिद्वंद्वी खड़ा न हो, लेकिन सदन का सियासी तापमान बढ़ा हुआ है। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने इस पूरी प्रक्रिया के बहिष्कार का फैसला किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पिछले सात वर्षों से लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद खाली रखना संसदीय परंपराओं का अपमान है। विपक्ष ने यह भी मुद्दा उठाया कि राष्ट्रपति की ओर से नामित सदस्य को राज्यसभा के उपसभापति पद के लिए चुनना इतिहास में पहली बार हो रहा है। रमेश ने उम्मीद जताई कि 'हरिवंश 3.0' विपक्ष की मांगों के प्रति अधिक उदार और संवेदनशील रहेंगे। संसदीय गलियारों में चर्चा है कि सत्ता पक्ष ने इस बार आम सहमति बनाने के लिए काफी पहले ही बिसात बिछा दी थी। सदन के नेता जेपी नड्डा ने विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क साधा था, जिसका परिणाम यह रहा कि करीब 70 सांसदों वाले इंडिया गठबंधन ने कोई चुनौती पेश नहीं की। 140 से अधिक सांसदों वाले एनडीए गठबंधन के लिए यह एक बड़ी रणनीतिक जीत मानी जा रही है।

## 9 खनन माफियाओं पर 2.25 करोड़ रुपये का जुर्माना

**दतिया।** अवैध खनन के खिलाफ कलेक्टर न्यायालय दतिया ने नौ लोगों पर दो करोड़ 25 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह आदेश कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने गुरुवार को जारी किया। उक्त लोगों पर बिना अनुमति पत्थर व बोल्डर के अवैध खनन को लेकर यह कार्रवाई की गई है। इस मामले में जारी आदेश में राघवेंद्र गुगौरिया, महेंद्र कुमार, अवधेश उर्फ अवधकिशोर, लव अग्रवाल, गोविंद, संजय कुमार, यशदेव सिंह, विपिन गुप्ता एवं अनिल सोनी को बिना किसी वैध अनुमति के पत्थर व बोल्डर का खनन करने का दोषी बताया गया है।

# रिटायर्ड एसडीओ के पास मिली 5.5 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति


छिंदवाड़ा (स्वतंत्र मत)



आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर ने गुरुवार को छिंदवाड़ा में लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग से सेवानिवृत्त एसडीओ महेंद्र नागवंशी के आवास और अन्य ठिकानों पर दबिश दी। नागवंशी के पास से अब तक 5.47 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति मिली है। बैंक खातों और लाकरों की जांच के बाद यह आंकड़ा बढ़ सकता है। दरअसल महेंद्र नागवंशी के विरुद्ध करोड़ों की अवैध संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। गुरुवार सुबह ईओडब्ल्यू की तीन टीमों ने आदर्श नगर, परासिया रोड स्थित आवास और ग्राम उसरिया (गुरैया) स्थित नागदा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (आटा मिल) पर कार्रवाई की। जांच के दौरान महेंद्र नागवंशी के पास 25 एकड़ कृषि भूमि, परासिया रोड स्थित आवास, 22 बीमा पालिसियां और तीन फोर-व्हीलर व तीन टू-व्हीलर मिली है। उनके पास आठ और पत्नी सीमा नागवंशी के नाम पर 10 बैंक खाते हैं। पुत्र ऋत्विक नागवंशी के तीन बैंक खाते में लगभग 30 लाख रुपये जमा होने का अनुमान है। ईओडब्ल्यू का कहना है कि यह केवल प्रारंभिक गणना है। आरोपित के ठिकानों से मिले दस्तावेजों, लाकरों और बैंक खातों की विस्तृत जांच जारी है। छिंदवाड़ा शहर के परासिया रोड पर आज सुबह आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम ने बड़ी दबिश दी है। जानकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी महेंद्र नागवंशी और उनके भाई के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा जांच और छापेमारी की जा रही है।

# लाहौर में लश्कर आतंकी हमजा पर हमला, हालत नाजुक

लाहौर



पाकिस्तान के कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य और शीर्ष रणनीतिकार आमिर हमजा पर लाहौर में जानलेवा हमला हुआ है। अज्ञात बंदूकधारियों ने एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर हमजा पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाफिज सईद का करीबी और लश्कर का आधार स्तंभ 1959 में जन्मे आमिर हमजा ने 1985-86 के दौरान हाफिज सईद के साथ मिलकर लश्कर-ए-तैयबा की नींव रखी थी। सईद के बाद उसे संगठन का सबसे प्रभावशाली नेता माना जाता है। अमेरिका ने उसे वैश्विक आतंकी घोषित कर रखा है। वह न केवल एक आतंकी था, बल्कि लश्कर का मुख्य विचारक, जोशीला वक्ता और लेखक भी रहा है। उसने कई विवादित किताबें लिखीं और आतंकी समूह के प्रकाशनों का संपादन किया।

# हम किसी को मजबूर नहीं कर सकतेः सीजेआई

## चुनावों में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश नीतिगत दायरे में आता है और न्यायपालिका इसे जारी नहीं कर सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि जान-बूझकर वोट न डालने वालों के लिए दंडात्मक कार्रवाई की मांग और वोटिंग अनिवार्य बनाने वाली याचिकाओं पर कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकता। बेंच ने याचिकाकर्ता अजय गोयल से कहा कि वे अपनी शिकायतों को लेकर संबंधित पक्षों से संपर्क करें। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि जो लोग जान-बूझकर वोट डालने से दूर रहते हैं, उनके लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। सीजेआई ने कहा- लोकतंत्र कानूनी दबाव के बजाय जन जागरूकता से फलता-फूलता है। एक ऐसे देश में जो कानून के शासन से चलता है और लोकतंत्र में विश्वास रखता है। जहां हमने 75 सालों में हमने दिखाया है कि हम इस पर कितना भरोसा और विश्वास करते हैं, वहां हर किसी से यह उम्मीद की जाती है कि वह वोट डालने जाए। अगर वे नहीं जाते, तो नहीं जाते। जरूरत जागरूकता की है, लेकिन हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने कहा कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वह एक समिति बनाए, जो उन लोगों पर रोक लगाने के प्रस्ताव दे, जो अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में नाकाम रहते हैं। हालांकि सीजेआई ने कहा, हमें आशंका है कि ये मुद्दे नीतिगत दायरे में आते हैं।

### सीजेआई ने बताई परेशानियां

सुनवाई केदौरान बेंच ने अनिवार्य वोटिंग कानून की व्यावहारिक कठिनाइयों का जिक्र किया और कहा कि चुनाव के दिनों में, जजों समेत कई नागरिकों को काम करना पड़ता है। दरअसल, याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया था कि कोर्ट को चुनाव आयोग को निर्देश देना चाहिए कि वह वोट न डालने वालों के लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाए। इस पर सीजेआई ने घर पर रहने के काम को अपराध बनाने के तर्क पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, अगर हम आपका सुझाव मान लेते हैं, तो मेरे साथी जस्टिस बागची को वोट डालने के लिए पश्चिम बंगाल जाना पड़ेगा, भले ही उस दिन काम का दिन हो। बेंच ने समाज के वंचित वर्गों के लिए भी चिंता जताई। बेंच ने पूछा, अगर कोई गरीब व्यक्ति कहता है कि मुझे अपनी दिहाड़ी कमानी है, तो मैं वोट कैसे डालूं, हम उनसे क्या कहें।

# शर्मा की लॉटरी टिकट: तो क्या 6 लाख में तीन जानों का हुआ सौदा

## पुलिस का गोल-गोल जवाब जांच के घेरे में

शहडोल (स्वतंत्रमत)

जिले में जैतपुर क्षेत्र अंतर्गत कमता में हुई घटना ने कई सवालों को जन्म दे दिया है पुलिस की कार्यवाही संदेह के घेरे में देखी जा रही है जिस प्रकार से पुलिस का गोल माल जवाब और अंत में एक लाख रुपए की बरामदगी बताई जा रही है ऐसे में आम जनता जानना चाहती है कि आखिरकार पूरा माजरा क्या है।

### पूरा मामला

जैतपुर थाना क्षेत्र के कमता तिराहे के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब दो बजे कुएं में गिरने से तनुज शुक्ला निवासी कोतवाली क्षेत्र, सचिन सिंह बघेल निवासी टिकुरी टोला बुढ़ार व रोहित शर्मा निवासी टिकुरी टोला बुढ़ार की मौत के बाद पुलिस की थ्योरी एक बार फिर सवालों में है। सूत्रों के अनुसार तीनों युवक कार से जा रहे थे, जिनका पीछा पुलिस की डायल 112 की टीम कर रही थी। हालांकि जैतपुर पुलिस कह रही है कि दुर्घटनाग्रस्त कार की तलाशी लेने पर उसमें से करीब 6 किलो गांजा बरामद हुआ है और मंगलवार देर शाम पुलिस ने एक मृतक की जेब से एक लाख



रुपए नगद मिलने की बात कही।

### जनता का सवाल

पहला सवाल' यह उठ रहा कि आरोपियों का पीछा पुलिस कर रही थी और यदि ऐसे में युवक कुएं में गिरे तो पुलिस ने उन्हें बचाने या निकालने का प्रयास क्यों नहीं किया।

दूसरा सवाल, थाना प्रभारी का कहना है कि रात 2 बजे सूचना मिलने के बाद वे स्पॉट पर पहुंच गए थे, फिर दुर्घटनाग्रस्त कार के आसपास आरोपियों की तलाशी में लापरवाही क्यों बरती गई।

तीसरा सवाल, जिस स्थान पर कार पलटी, वहां से कुएं की दूरी महज 60 फीट ही है। ऐसे में पुलिस ने कार सवारों की तलाश रात में ही क्यों नहीं किया।

चौथा सवाल, मौके से ही सही सलामत एक नई कार क्रमांक एमपी 18 जेडजे 0950 मिली, जो शंकर विश्वकर्मा की बताई जा रही है। यह कार वहां क्या कर रही थी।

### क्या कहना है मृतक परिजनों का

मृतक के परिजनों का कहना है कि युवक घर से 6 लाख से अधिक की रकम लेकर निकले थे। लेकिन पुलिस के द्वारा रकम के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी गई और मृतक के परिजनों ने डायल 112 के पीछा करने की बात को भी नकारा है साथ में परिजनों ने गांजा रखने की बात को लेकर पुलिस पर सवालिया निशान खड़े किए हैं।

### पुलिस ने नहीं दिया कोई बयान

हालांकि पुलिस ने परिजनों के बयान के पश्चात नकद राशि मिलने का इंकार करने वाली पुलिस ने देर शाम एक लाख रुपए मिलने की बात स्वीकार की। अब परिजनों के बयान एवं पुलिस के द्वारा स्वीकार की गई एक लाख की राशि के बीच का मामला पुलिस की गले की फांस बन गई है अब देखना यह है कि इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कैसी जांच की प्रक्रिया अपनाते हैं और कैसे जनता के दिलों में अपनी साफ सुथरी छवि बना पाते है।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सेक्टर चन्नौड़ी में विकासात्मक देरी की पूर्व पहचान विषय पर कार्यक्रम आयोजित

शहडोल (स्वतंत्रमत)

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों में जागरूकता एवं ईसीसीई आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम च्विकासात्मक देरी की पूर्व पहचानज्ज पर आधारित रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों एवं प्रतिभागियों को बताया गया कि 0 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इस अवधि में बच्चों का लगभग 90 प्रतिशत मानसिक विकास हो जाता है। अत: इस उम्र में बच्चों के पोषण, देखभाल एवं समय पर विकास की निगरानी बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रोल प्ले-आधारित शिक्षण ईसीसीई गतिविधियां की गईं, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास को समझाया गया एवं अभिभावकों को भी ईसीसीई के महत्त्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पंकज तिवारी, सुपरवाइजर सरिता पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बच्चों के बेहतर पोषण एवं समुचित विकास के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। अंत



में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बच्चों की नियमित देखभाल, पोषण एवं विकासात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया गया।

# राशि शुक्ला ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया परिवार का मान



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय से जुड़े ग्राम नरगी निवासी समाजसेवी रामभूषण शुक्ला एवं श्रीमती सुरेखा शुक्ला की सुपुत्री राशि शुक्ला ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। राशि की इस उपलब्धि पर परिजनों, प्रशंसको एवं शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। राशि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं नियमित अध्ययन को दिया है। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम और समय के सही उपयोग से यह सफलता संभव हो पाई है। परिवारजनों ने राशि की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं समाज क्षेत्र के लोगों ने भी इसे एक प्रेरणादायक सफलता बताया है।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बुढ़ार के कक्षा 10वीं सीबीएसई का घोषित परीक्षा परिणाम रहा अत्यंत सराहनीय

बुढार (स्वतंत्रमत)

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बुढ़ार का परिणाम अत्यंत ही सराहनीय रहा और विद्यालय नें इस वर्ष उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की है। घोषित परीक्षा परिणाम में छात्र अनय गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं छात्रा अमृता परीडा ने 93 दशमलव 6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा अक्षत शुक्ला ने 92 दशमलव 6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विशेष उल्लेखनीय यह रही कि अमृता परीडा ने संस्कृत विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर




विद्यालय का नाम रोशन किया है। मेघावी अव्वल छात्र अनय गुप्ता सेवा पैथालाजी रवि गुप्ता के सुपुत्र, तथा छात्रा अमृता परीडा म. प्र. ग्रामीण बैंक कैसियर बंगवार मोहन परीडा की सुपुत्री तथा अक्षत शुक्ला ट्रांसपोर्ट व्यवसायी रीतेश शुक्ला के सुपुत्र हैं, जिन्होंनें क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित कर अपना तथा अपनें विद्यालय को गौरवान्वित किया है। डी.ए.वी. विद्यालय के कुल 30 छात्र-छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। डी.ए.वी. विद्यालय के अध्यक्ष छोटे लाल सरावगी ने घोषित परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं, और उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे। मध्यप्रदेश परिक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. सिन्हा ने परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों और शिक्षकों के परिश्रम का प्रतिफल बताया तथा छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्राचार्य विनय मोहन उरमलिया ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके अनुशासन, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है, और विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कारों का भी विकास करता है, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# समीर केवट ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शासकीय हाई स्कूल नरगी का नाम किया रोशन

## बिना कोचिंग के छात्र समीर ने विद्यालय में टॉप कर गांव का बढ़ाया मान

शहडोल (स्वतंत्रमत)

जिला मुख्यालय से जुड़े ग्राम नरगी में शासकीय हाई स्कूल नरगी में छात्र समीर केवट ने हाई स्कूल में 89.2 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय, शिक्षक एवं माता पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शा. हाई स्कूल नरगी में 94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम सफल रहा जिसमें 9 छात्र प्रथम श्रेणी में उर्त्तीण हुए। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हाई स्कूल नरगी के छात्र समीर केवट ने इस वर्ष आयोजित हाई स्कूल परीक्षा में 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। समीर की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है और हर कोई उसकी मेहनत व लगन की सराहना कर रहा है। समीर केवट ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं नियमित अध्ययन को दिया है। उन्होंने



बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई की और कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया। समीर का मानना है कि निरंतर मेहनत, समय का सही प्रबंधन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील द्विवेदी एवं शिक्षक दीपक गुप्ता, दीप नारायण पाठक, पूनम गौतम, कंचन सिंह, रमेश साकेत, अभिनय गुप्ता, जया द्विवेदी, सभी शिक्षक ने समीर को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि समीर एक अनुशासित एवं मेहनती छात्र रहा है, जिसने पूरे वर्ष लगन के साथ पढ़ाई की और आज उसका परिणाम सभी के सामने है। समीर के माता-पिता ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। उन्होंने बताया कि समीर ने हमेशा पढ़ाई को प्राथमिकता दी और कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। परिवारजनों और रिश्तेदारों ने भी समीर को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। समीर के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से गांव और आसपास के क्षेत्र में भी खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां अन्य बच्चों को भी प्रेरित करती हैं और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्त कार्रवाई, बिना पंजीयन होटल बंद

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

खाद्य पदार्थों में मिलावट और दूषित खाद्य सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गुरुवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान जबलपुर बस स्टैंड क्षेत्र में संचालित कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान श्री गुरु कृपा जैन भोजनालय (प्रोपराइटर शैलेंद्र जैन) बिना वैध पंजीयन के संचालित पाया गया। साथ ही यहां खाद्य पदार्थ खुले में विक्रय किए जा रहे थे। प्रशासन ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान को तत्काल



बंद करवा दिया। खाद्य पदार्थों में उपयोग किए जा रहे पके तेल और टमाटर चटनी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि वैध पंजीयन प्राप्त करने और आवश्यक शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के बाद ही पुन: संचालन की अनुमति दी जाएगी। इसी क्रम में मोले होटल (प्रोपराइटर मोले दास) में भी निरीक्षण किया गया, जहां साफ-सफाई का अभाव और खुले में खाद्य विक्रय पाया गया। किचन की स्थिति असंतोषजनक मिलने पर सुधार सूचना नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा जसवंत किराना (जसवंत सिंह) और सरोज किराना (सज्जन ठाकुर) का भी निरीक्षण कर संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मनोहर चाय (अनुराग वैश्य) से कोकोनट वाटर और बिस्किट के नमूने लिए गए, जबकि श्री नर्मदा फूड एंड बेवरेज (आयुष पाठक) से एनर्जी ड्रिंक का सैंपल जांच हेतु भेजा गया। मदन होटल (प्रोपराइटर मदन वर्मन) में अत्यधिक गंदगी, टूटा-फूटा फर्श, पानी की निकासी की खराब व्यवस्था और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण पाया गया। यहां भी सुधार सूचना नोटिस जारी करते हुए फर्श मरम्मत और स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति प्रभा सिंह तेकाम ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के उल्लंघन पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# जंगल में अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही, ट्रैक्टर जप्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल अशोक कुमार सोलंकी एवं उप वनमंडल अधिकारी गाड़ासरई श्री सुरेन्द्र सिंह जाटव तथा वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर की वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री रेवा सिंह परस्ते के निर्देशन में वन अमले ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर जप्त किया है। मामले में ट्रैक्टर चालक नान्हू सिंह मरावी निवासी रमतिला मवई एवं वाहन स्वामी मोहम्मद नजीर खान निवासी ग्राम सुशीपारा मवई के विरुद्ध मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 के तहत राजसात कार्यवाही का प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में वन विभाग के राजेन्द्र सिंह मार्को (कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल), राजीव



कुमार धुर्वे (कार्यवाहक वनपाल), इन्द्रसिंह पट्टा, महेन्द्र सिंह पाटले, फागूलाल कनोजे, अजय कुमार चौकसे, श्रीमती प्रेमवती मरावी (वनरक्षक), मुन्ना लाल यादव (स्थाईकर्मी), केशराम (सुरक्षा श्रमिक) एवं वाहन चालक राकेश कुमार तेकाम का विशेष योगदान रहा।

# अभिषेक कुमार मिश्रा ने हाई स्कूल में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया विद्यालय और परिवार का मान



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अभिषेक कुमार मिश्रा ने हाई स्कूल परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। छात्र अभिषेक पिता दिनेश कुमार मिश्रा माता श्रीमती वंदना मिश्रा निवासी सिवनी ने हाई स्कूल जैतहरी में 500 अंक में 475 अंक 95 प्रतिशत प्राप्त कर अपने विद्यालय, अपने माता पिता, परिवार समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उत्कृष्ट सफलता से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अभिषेक शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उन्होंने निरंतर मेहनत, अनुशासन और एकाग्रता के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। छात्र अभिषक मिश्रा का बचपन से ही चिकित्सक बनने का सपना रहा है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अभिषेक को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने बताया कि अभिषेक ने पढ़ाई के प्रति हमेशा गंभीरता दिखाई और नियमित रूप से समय का सदुपयोग किया, जिसका परिणाम आज सामने है। उनकी सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। अभिषेक कुमार मिश्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है, जिन्होंने हर समय उनका मार्गदर्शन और सहयोग किया।

# आदि शुक्ला ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का बढ़ाया मान

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार छात्र आदि शुक्ला पिता चिन्तामणी शुक्ला ग्राम नरगी निवासी ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। आदि शुक्ला शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने नियमित अध्ययन और मेहनत के दम पर यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों ने बताया कि आदि



ने हमेशा पढ़ाई को प्राथमिकता दी और अनुशासन के साथ तैयारी की, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है।

# आंगनवाड़ी में स्वच्छता से खिलवाड़ 4 महीने तक टॉयलेट में बना खाना, पर्यवेक्षक पर गिरी गाज

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के आदेशानुसार सेक्टर मानिकपुर की पर्यवेक्षक श्रीमती लक्ष्मी शिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेक्टर मानिकपुर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र डोमदादर में विगत चार माह से बच्चों के लिए शौचालय में भोजन तैयार किए जाने का मामला सामने आया था, जिससे स्वच्छता संबंधी गंभीर लापरवाही उजागर हुई।

जांच में पाया गया कि संबंधित पर्यवेक्षक द्वारा निर्धारित निरीक्षण नहीं किया गया तथा आंगनवाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग में कमी रही। शासन के निर्देशानुसार सेक्टर पर्यवेक्षक को प्रति माह निर्धारित संख्या में भ्रमण करना अनिवार्य है, जिसका पालन नहीं किया गया।

इस संबंध में पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, किन्तु प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया गया।

निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, मेहंदवानी कार्यालय निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# किसान की बेटी मालती ने लहराया परचम

## 10वीं बोर्ड में 490 अंक के साथ प्रदेश टॉप-10 में बनाई जगह

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले की छात्रा कुमारी मालती पाराशर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की प्रवीण्य सूची (टॉप-10) में 10वां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। संदीपनी हाई स्कूल, खुड़िया की छात्रा मालती ने 500 में से 490 अंक अर्जित कर यह उपलब्धि प्राप्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालती पाराशर एक सामान्य किसान परिवार से संबंध रखती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके पिता श्री दशरथ सिंह पाराशर खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।



विद्यालय के प्राचार्य श्री अमर सिंह ठाकुर एवं शिक्षक दीपभान राठौर सहित समस्त शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन से छात्रा ने यह सफलता अर्जित की। विशेष बात यह है कि कक्षा 10वीं की परीक्षा में डिंडौरी जिले से प्रदेश स्तर पर टॉप-10 में स्थान बनाने वाली मालती एकमात्र छात्रा हैं। मालती की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे शुभकामनाएं दी हैं। यह सफलता न केवल छात्रा की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# निजी स्कूलों ने किया समय कम सरकारी ढा रहे विद्यार्थियों पर सितम

## प्रचंड गर्मी के बीच दोपहर 2 बजे तक लगाई जा रही कई शालाएं



जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

शहर में इन दिनों तेज गर्मी का असर बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और आने वाले दिनों में भी लोगों को राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

इधर शिक्षा विभाग की दोहरी नीति अभिभावकों और बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। जहां एक ओर शहर के अधिकांश निजी स्कूलों ने बढ़ती तपिश को देखते हुए अपनी छुट्टी का समय दोपहर 12 बजे तक कर दिया है, वहीं सरकारी स्कूलों में अभी भी दोपहर 2 बजे तक संचालित की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार शहर के केंद्रीय विद्यालयों सहित अन्य स्कूलों में दोपहर 1.40 बजे तक स्कूलों में छुट्टी की जा रही है। ऐसे में इन शालाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है।

वहीं इन सरकारी स्कूल के बच्चों को थपेड़ों के बीच दोपहर 2 बजे तक स्कूल में बिठाना उनकी सेहत के साथ बड़े जोखिम जैसा बन गया है। अभिभावकों का कहना है कि दोपहर की चिलचिलाती धूप में घर लौटते समय बच्चों के बीमार पड़ने, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक की आशंका बढ़ गई है।

### जिला प्रशासन से अभिभावकों की आस

इन स्कूलों के अभिभावकों का कहना है कि जब निजी स्कूलों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए समय में बदलाव कर दिया है, तो सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए अलग नियम क्यों बनाए जा रहे है। यह विसंगति न केवल प्रशासनिक ढुलमुल रवैये को दर्शाती है, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही को भी उजागर कर रही है। फिलहाल, छात्र और अभिभावक टकटकी लगाए शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कब कलेक्टर या शिक्षा विभाग इस पर संज्ञान लेंगे ।

### 40 डिग्री पार हुआ तापमान

गुरुवार को भी जबलपुर में पारा 40 डिग्री के पार रहा। गुरुवार को जबलपुर में अधिकतम तापमान 41.3 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग की माने तो शहर में बीते तीन दिनों से मौसम पूरी तरह साफ और शुष्क बना हुआ है। इस दौरान अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन के समय लू जैसे हालात महसूस किए जा रहे हैं। इधर मौसम विभाग के अनुसार आज शुक्रवार को भी मौसम साफ रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बारिश के कोई संकेत नहीं हैं और कम आर्द्रता के कारण गर्मी का असर और अधिक तीखा महसूस होगा। प्रदेश सहित उत्तर भारत में गर्मी और लू की स्थिति बनने लगी है, जिससे तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल के मध्य में इस तरह की गर्मी सामान्य से अधिक है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आगामी सप्ताह तापमान में और बढ़ोत्तरी होगी ऐसे में गर्मी और तीखे तेवर दिखाएगी।



# जबलपुर में बीयर पर लगा अघोषित टैक्स

## एमआरपी को ताक पर रख आबकारी विभाग की नाक के नीचे ठेकेदार कर रहे अवैध वसूली

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अप्रैल शुरू होते ही शहर की शराब दुकानों पर एमआरपी का नियम खत्म हो गया है। भीषण गर्मी में बड़ी डिमांड को देखते हुए दुकानदारों ने आपसी सिंडिकेट बनाकर रेट बढ़ा दिए हैं। 180 एमआरपी वाले पुराने स्टॉक को भी 240 तक बेचा जा रहा है। स्टॉक कम होने का बहाना बनाकर ग्राहकों को लूटा जा रहा है और बिल मांगने पर साफ मना कर दिया जाता है। हैरानी की बात है कि ठेकेदारों द्वारा शराब प्रेमियों के जेबों पर आबकारी विभाग की नाक के नीचे डांका डाला जा रहा है। आसन शब्दों में कहें तो जिले के ठेकेदारों ने बियर पर अघोषित टैक्स लगा दिया है।

### नहीं किसी का डर

एक तरफ शराब ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारु हैं, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन और आबकारी विभाग की चुप्पी पर अब जनता सवाल उठा रही है।इधर शराब प्रेमियों का कहना है कि मनमाने रेट का यह पूरा खेल जिला प्रशासन की शह पर चल रहा है।

### क्या है पूरा खेल

-180 की बीयर के लिए ग्राहकों से 220 से 240 तक वसूले जा रहे हैं।

-ठेकेदार स्टॉक की कमी का बहाना बनाकर अंदरखाने ऊंचे दामों पर सौदेबाजी जारी है।

- मुनाफे के लिए प्रीमियम ब्रान्डस की शार्टेज बताकर ग्राहकों को चीपर ब्रान्डस की बियर दी जा रही है।

-बढ़ाकर बेचने को लेकर पूछने पर ग्राहक को बिल भी मुहैया नहीं कराया जा रहा।

- शिकायत के बाद भी आबकारी विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

# बीएसएनएल में मनाई गई डॉ अम्बेडकर की जयंती

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अम्बेड़कर जयंती पखवाड़े के तहत बीएसएनएल रिज रोड पर विविध आयोजन किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक डॉ. आईटीएस मनीष शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि संयुक्त अम्बेड़कर जयंती समिति के संयोजक एवं बीएसएनएल मजदूर संघ के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष जेपी. नन्हट बौद्ध रहे। श्री शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर डॉ. अम्बेड़कर की प्रतिमा में दोनों अतिथियों ने फूलमाला चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन एजीएम सुजाता ढोरे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन में सीजीएम श्री शुक्ला ने अपने सारगर्मित उद्बोधन में बाबा साहब के जीवन के बारे में व उनके द्वारा रचित संविधान और संघर्ष के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि सभी भारतीयों को संविधान का अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम में पंकज राय, अधिकारी संघ के अध्यक्ष डीजीएम श्री वर्मा, बीएन नन्हेट, श्री गोखले, श्री कांडे, श्री बावसकर, मुकेश नन्हट आदि उपस्थित रहे।

## पात्रता परीक्षा के विरोध में चलो भोपाल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** शिक्षकों को पात्रता परीक्षा देने के लिए आदेशित किया गया है जिसका विरोध पूरे देश में देखा जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सभी शिक्षक राजधानी में हुंकार भरेंगे। इस दौरान तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अतुल मिश्रा,नितिन अग्रवाल,रत्नेश मिश्रा,अभिषेक ,दुर्गेश पांडे ,प्रमोद वर्मा, प्रभात जाट ,राजेश गुप्ता ,राजेश जैन ,गगन चौबे, माधव पांडे ,कल्पना बर्मन ,श्रद्धा सोनी ,प्रमिला सोनी, रीनु सरावगी ,सुनिता सोनी ने सभी शिक्षक साथियों एवं मातृ शक्तियों से भोपाल चलने की मांग की ताकि विरोध प्रदर्शन को व्यापक रूप दिया जा सके।

## मिशिका 98.6 प्रतिशत लेकर मेरिट में



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा आयोजित 10वीं की बोर्ड परीक्षा में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न. 2 जीसीएफ इस्टेट जबलपुर की मेधावी छात्रा मिशिका ठाकुर ने सभी विषयों में विशेष योग्यता सहित 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार सफलता प्राप्त करते हुए मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर अपने विधायल व परिवार जनों का नाम गौरवान्वित किया है। अनिल शुक्ला ने बताया कि अजय सत्य प्रकाश होम्स तिलहरी निवासी मेधावी छात्रा मिशिका यूनियन बैंक के मैनेजर सन्तोष सिंह ठाकुर व श्रीमती ममता ठाकुर की होनहार बिटिया है।

# महाकौशल विश्वविद्यालय में गूँजा नारी शक्ति का शंखनाद

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का हुआ शानदार आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, जबलपुर स्थित महाकौशल विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. आर. सी. मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में छात्राओं को मार्शल आर्ट्स, जूडो-कराटे और ताइक्वांडो का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा हीमोग्लोबिन जांच और मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे।



### राजनीतिक सशक्ति करण पर चर्चा

कुलसचिव डॉ. राम प्रकाश चौबे ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 (106वां संवैधानिक संशोधन) की बारीकियों को समझाते हुए बताया कि कैसे लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं की स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। उन्होंने बताया कि यह आरक्षण 15 वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा और रोटेशन पद्धति से लागू होगा।

### इतिहास से वर्तमान तक नारी का गौरव

डॉ. अंजली पांडेय ने अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर बताया। वहीं, रूपाली मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर आज राष्ट्रपति और वित्त मंत्री जैसे उच्च पदों तक, भारत की नारी शक्ति ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता दुनिया के लिए एक मिसाल है। मंच का सफल संचालन डॉ. निमिषा तिवारी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंडित विश्वदीप पटेरिया ने संकुल प्राचार्य उत्कृष्ट पनागर को विकासखंड शिक्षा अधिकारी पनागर के नाम से ज्ञापन सौंपते हुए सेवानिवृत शिक्षकों के पेंशन प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की इस दौरान संगठन के तीरथ लाल साहू,किशन विश्वकर्मा, राजेश बाजपेई,इंद्रपुरी गोस्वामी,सुरेंद्र ऊरमालिया, जगदीश बर्मन,सतीराम गोंड,सुशील पटेल,मनोज प्रजापति,संजय उपाध्याय,कैलाश आठ्या उपस्थित रहे।



## नेशनल रेल प्लान विज़न 2050 पर हुई चर्चा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** पमरे जबलपुर मंडल में आरएएमएस रिलायबिलिटी, अवेलेबिलिटी, मैनटैनाबिलिटी और सेफ्टी विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस सेमिनार का उद्देश्य रेलवे परिचालन में संरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करना तथा विश्वसनीयता एवं अनुरक्षण की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना था। कार्यक्रम का संचालन मनोज गुरुमुखि के मार्गदर्शन में किया गया। सेमिनार में भारतीय रेल की नेशनल रेल प्लान विज़न 2050 पर चर्चा की गई। इसमें यह रेखांकित किया गया कि भारतीय रेल 'राष्ट्र की जीवन रेखा' है और संरक्षा, समय पालन एवं व्यवसायिक विकास इसके प्रमुख ध्येय हैं। सेमिनार में यह भी स्पष्ट किया गया कि संरक्षा केवल तकनीकी मानकों तक सीमित नहीं है।

# सभी शासकीय भवनों में स्थापित किए जाएं हार्वेस्टिंग सिस्टम

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जनपद एवं नगरीय निकायवार अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले की पेयजल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के माध्यम से नदी, नालों, कुओं और बावड़ियों की व्यापक साफ सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि जल संरक्षण की दिशा में सार्थक परिणाम प्राप्त हो सकें। श्री सिंह ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष बल देते हुए सभी स्कूलों, आंगनवाड़ियों तथा अन्य शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संचय के प्रति जन जागरूकता और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से ही जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार और संवर्धन संभव है।

# पक्षियों के लिये की पीने योग्य पानी की व्यवस्था



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भीषण गर्मी के चलते पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करते हुए मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय मे सकोरे लगाए गए । इस दौरान स्काउट सदस्यों ने इस बात को गहराई से जाना की स्काउट गाइड पशु - पक्षियों का मित्र और प्रकृति प्रेमी होता है । यह कार्य पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला जबलपुर के मुख्य जिला आयुक्त सुनील टेलर, वरुण चतुर्वेदी के साथ दीप्ति शर्मा, नितेश कुमार सोने, सचिपति नंदन ,अनिल चौबे, विमलेश तिवारी, आशीष सोनकर के मार्गदर्शन मे हुआ जिसमे जबलपुर मंडल के स्काउट सदस्यों ने अपने स्काउट नियम का पालन करते हुए इस अभियान में भूमिका निभाई इस दौरान रविंद्र त्रिपाठी, रोशन यादव उपस्थित रहे। रेल कर्मचारियों ने स्काउट सदस्यों की इस कार्य के लिये सराहना की ।

# संस्कारधानी में चाकूबाजों का रक्त-चरित्र

## बेखौफ हुए बदमाश, 24 घंटे में लार्डगंज, अधारताल, ओमती, भेड़ाघाट व गोहलपुर में हुई वारदातें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

**शहर में बदमाश बेखौफ हो चुके है, जो कि अवैध रूपयों की मांग कर नाबालिग, युवक व बुजुर्गो के अलावा महिलाओं को भी अपना निशाना बना रहे है और ताबड़तोड़ तरीके से हमले कर उन्हें लहूलुहान कर रहे है। ऐसे मामले रोजाना ही सामने आ रहें है। बीते चौबीस घंटे में लार्डगंज, अधारताल, ओमती, भेड़ाघाट व गोहलपुर क्षेत्र में ऐसी ही पांच वारदातें सामने आई। जहां आरोपियों ने शराब के लिये रुपयों की मांग कर युवकों पर चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त पांचों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।**



### केस-1

लार्डगंज जगदीश अखाड़ा के पास रानीताल गेट नंबर-1 निवासी 21 वर्षीय अविनाश अहिरवार व उसके साथी अंजन सिंह से मंकू, साहिल काला, भाऊ व आदि ठाकुर ने शराब के लिये रुपयों की मांग की। उनके मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की और साहिल काला ने चाकू से हमला कर अविनाश के गले के पीछे तरफ चोट पहुंचा दी।

### केस-2

अधारताल धनी की कुटिया के समीप गोकुल मैजिर हाल के समीप 14 वर्षीय मोह. सूफियान व उसके मौसेरे भाई हसन अहमद को दो अज्ञात युवकों ने रोका और शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगे। उनके रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने डंडे व प्लास्टिक के पाईप से हमला कर उन्हें चोट पहुंचा दी और गाड़ी भी तोड़फोड़ दी।



### केस-3

ओमती थाना क्षेत्रातंर्गत सेंट नार्बट स्कूल के पीछे गढ़ा शारदा चौक निवासी 28 वर्षीय सत्यम राय व उसके साथी राहुल विश्वकर्मा, गौरव राजपूत को कार से पहुंचे निखिल नायडू, मिंटू उर्फ मिंचू, करन सरदार ने रोक लिया और शराब पीने रुपयों की मांग की। उनके विरोध करने पर तीनों बदमाशों ने मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचा दी।

### केस-4

भेड़ाघाट थानातंर्गत ग्राम तेवर में मिठाई दुकान संचालक 27 वर्षीय संदीप केशरवानी व उसके कर्मी विजय पटेल जब बीती रात दुकान बंद कर रहे थे, तभी मोहल्ले का संजू कोल पहुंचा और शराब पीने रुपयों की मांग करने लगा। विरोध करने पर संजू ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे विजय के सिर में वाये तरफ चोट आ गई।

### केस-5

**गोहलपुर थाना क्षेत्र में लेमा गार्डन के समीप रहने वाले 17 वर्षीय मोह. अरबाज को बीती रात रास्तें में रोक-कर समीर खान ने शराब पीने के लिये पैसों की मांग की। अरबाज ने रुपये देने से मना किया तो आरोपी ने चाकू उसकी पीठ में घांप दिया। जिससे अरबाज को गंभीर चोट आ गई।**

# आगरवाड़ा की माठी में जन्मे डॉ. तूफान सिंह पारधी को मिली विद्या-वाचस्पति की उपाधि

कटंगी।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र) के छठवें दीक्षांत समारोह में डॉ. तूफान सिंह पारधी को विद्या-वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। 16 अप्रैल को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य, उपस्थिति में आयोजित समारोह में यह उपाधि मिली। क्षेत्र के ग्राम आगरवाड़ा की माठी में गांव के साधारण किसान परिवार में जन्मे तूफान सिंह पारधी ने अपनी मेहनत और लगन से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। डॉ. पारधी को यह उपाधि भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विषय में उनके शोध कार्य 'पवारी हेतु व्युत्पादक रूपीमिक विश्लेषक निर्माण' के लिए प्रदान की गई। वह विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र रहे हैं और वर्तमान में इसी संस्थान में अतिथि विद्वान के रूप में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। डॉ तूफान सिंह पारधी, उरकुड़ जी पारधी के सुपुत्र हैं। वर्ष 2014 से वह पवारी/पोवारी भाषा के



संरक्षण, अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। वर्ष 2016 में उन्होंने विद्या-वाचस्पति के लिए पंजीकरण कराया और वर्ष 2022 में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। शोध कार्य के दौरान क्षेत्रीय भाषाओं से संबंधित पर्याप्त आँकड़े और सामग्री उपलब्ध न होने के कारण उन्होंने स्वयं पवारी भाषा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण आँकड़ों का संग्रह किया और इस भाषा के संरक्षण और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी पर गहन अध्ययन कर डाक्टरेट की उपाधि हासिल ह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

बता दें कि डॉ पारधी ने केवल शोध तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि समाज को भी जागरूक करने का सतत प्रयास किया। उनके प्रयासों से पवारी भाषा और बोली के क्षेत्र में संगठित रूप से कार्य प्रारंभ हुआ और आज अनेक लोग इस दिशा में सक्रिय हुए। वह पवारी साहित्य कला संस्कृति मंडल के कोर समिति सदस्य भी हैं। विद्या-वाचस्पति के अध्ययन काल में डॉ. पारधी को अनेक संघर्षों का सामना करना पड़ा, किंतु उन्होंने धैर्य और दृढ़ता के साथ सभी कठिनाइयों को पार किया। आज उनके प्रयासों का परिणाम यह है कि पवारी भाषा और संस्कृति के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य दिखाई दे रहा है। डॉ. पारधी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मेहनत, परिवार, अपने प्रथम शोध निर्देशक स्वर्गीय जगदीश कुमार दांगी तथा शोध निर्देशक डॉ. हर्षलता पेटकर सहित अपने सभी मित्रों और सहयोगियों को दिया है। डॉ. तूफान सिंह पारधी की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकगणों, समाज के वरिष्ठ नागरिकों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बालिका गृह में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

## छात्राओं को कानून अधिकार और साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

**बालाघाट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट के तत्वावधान में सावित्री ज्योति बालिका गृह में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कुटुंब न्यायालय बालाघाट के माननीय प्रधान न्यायाधीश श्री पदमेष शाह ने छात्राओं को मध्यस्थता योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता विवादों के निपटारे की सरल, निष्पक्ष एवं प्रभावी प्रक्रिया है, जिसमें दबाव रहित वातावरण में दोनों पक्षों के बीच सहमति से समाधान कराया जाता है। उन्होंने इसके लाभ बताते हुए कहा कि इससे विवादों का त्वरित समाधान होता है, प्रक्रिया गोपनीय रहती है तथा सामाजिक



सद्भाव बनाए रखने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, भारतीय संविधान में वर्णित मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्यों के संबंध में भी छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, च्चकड़ी मेहनत के बिना सफलता की कोई कुंजी नहीं होती, मेहनत करो और सफलता का ताला खोलोज्ज तथा च्च्खुद पर विश्वास रखो, क्योंकि विश्वास ही असंभव को संभव बना सकता है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने नालसा की बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2015, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए बताया कि तकनीकी युग में छोटी-सी लापरवाही भी डेटा चोरी और आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है।

# सेवानिवृत्ति के बाद आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं श्रीमती चन्द्रकला थवरे

## जैविक केले की खेती से किसानों को दे रहीं प्रेरणा

**बालाघाट।** जहां अधिकांश लोग सेवानिवृत्ति के बाद आरामदायक जीवन चुनते हैं, वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवानिवृत्त परियोजना अधिकारी श्रीमती चन्द्रकला थवरे ने आत्मनिर्भरता और नवाचार की मिसाल पेश की है। ग्राम केरा (टेकाड़ी), विकासखंड एवं जिला बालाघाट की निवासी श्रीमती थवरे आज जैविक खेती के माध्यम से न केवल अपनी पहचान बना रही हैं, बल्कि क्षेत्र के किसानों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। आज उन्होंने उप संचालक कृषि कार्यालय पहुंचकर अपने खेत में उगाए गए जैविक केले उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय को भेंट किए। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने खेत की लगभग 30 डिसमिल भूमि पर 'जी-9' किस्म



के 100 से अधिक केले के पौधे 7म7 फीट की दूरी पर लगाए हैं। यह खेती पूरी तरह प्रयोगात्मक रूप से शुरू की गई थी, जो अब सफल परिणाम दे रही है। श्रीमती थवरे ने बताया कि उनके खेत में उगने वाले केले पेड़ पर ही प्राकृतिक रूप से पकते हैं और उनकी खासियत यह है कि पकने के बाद भी वे सामान्य केले की तरह जल्दी पीले नहीं पड़ते। स्वाद में ये केले अत्यंत मीठे, मुलायम और मुंह में घुल जाने वाले होते हैं। एक केले का वजन लगभग 200 ग्राम होता है और एक किलो में लगभग 6 केले आते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने जबलपुर की मनीठाम नर्सरी से टिशू कल्चर के पौधे खरीदकर लगाए थे और पूरी फसल में केवल वर्मी कम्पोस्ट (जैविक खाद) का उपयोग किया गया है, जो उन्होंने ग्राम लीलामेटा (विकासखंड परसवाड़ा) से प्राप्त किया। फरवरी 2026 से उनके खेत में फल आना शुरू हो गया, जिसे वे कृषि पर्यटन ग्राम टेकाड़ी में 50 रुपये प्रति दर्जन की दर से विक्रय कर रही हैं। खरपतवार नियंत्रण के लिए वे पारंपरिक तरीके अपनाते हुए पशुओं से चराई करवाती हैं।

# इफको एमसी मार्ट के क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण सम्पन्न

## इफको उत्पाद से किसानों को मिलेगा लाभ

**बालाघाट।** इफको एमसी मार्ट उत्पाद से जिले के किसानों की फसल की गुणवत्ता में सुधार को लेकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट सभाकक्ष में सहकार से समृद्धि के अंतर्गत इफको एमसी मार्ट के क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 16 अप्रैल को किया गया। कलेक?टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित पैक्स समितियों के पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधको और समिति के कर्मचारियों को जानकारी देते हुए अभिनव सिंह बघेल सीईओ जेएसके बैंक बालाघाट ने कहा कि वर्तमान में जिले की 6 समितियों में इफको एमसी मार्ट प्रारंभ कर दिया गया है जहां किसान अपनी आवश्यकतानुसार इफको के उत्पाद क्रय कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिले की अन्य समितियों में इफको



एमसी मार्ट के माध्यम से किसानों को लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर पी.जोशी प्रबंधक लेखा ने कहा कि भारत सरकार में सहकारिता मंत्रालय गठन के पश्चात सहकारिता के क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन हो रहे है। समितियां परम्पराग कार्य करती है इसके साथ ही अन्य व्यवसाय से समितियां सुदृढ़ता की ओर अग्रसर हो रही है। इस दौरान विजय कुमार द्विवेदी क्षेत्रीय प्रबंधक इफको एमसी मार्ट भोपाल ने उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान पेक्स समितियों से खाद, बीज लेते है और खेती के लिए रासायनिक खाद लेना पड़ता है ऐसे में इफको एमसी मार्ट में इफको उत्पाद के फायदो के संबंध में किसानों को बताना जरूरी है ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। वैदिक अगाल इफको फिल्ड अधिकारी ने कहा कि सहकारिता का क्षेत्र सशक्त की ओर अग्रसर है इफको उत्पाद से किसानों को लाभ मिल रहा है उन्होने किसानों से अपील की है कि इफको उत्पाद से खेती को बेहतर बनाये।

अरूणेन्द्र पाण्डे क्षेत्रीय अधिकारी जबलपुर ने कहा कि बालाघाट जिले में इफको के उत्पाद को लेकर किसानो में जागरूकता आ रही है। किसान इसका उपयोग खेती में कर रहे है। एक दिवसीय प्रशिक्षण में एम.एल. यादव विपणन अधिकारी, दिलीप लिल्हारे, नीरज बिसेन, मूलचंद लिल्हारे, सदानद पटले, रमेश पंचेश्वर, ओमकार कटरे, कार्तिक बिसेन आदि उपस्थित रहे।

### इफको एमसी मार्ट से हुआ समिति को लाभ: कार्तिक बिसेन

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोरवाही संस्था प्रबंधक कार्तिक बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी सीजन में समिति द्वारा राशि 3 लाख 50 हजार की इफको उत्पाद किटनाशक दवाई, खरपतवार नाशक दवाई और पोषक दवाई खरीदी गई थी। जिसमें से राशि 2 लाख 25 हजार का इफको उत्पाद किसानों को विक्रय किया गया। समिति मोरवाही को दो माह के भीतर राशि 44 हजार 500 का शुद्ध लाभ अर्जित हुई है जिससे समिति को लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया कि किसानों को निश्चित तौर पर इसका लाभ प्राप्त हुआ है।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - मंगलवार 14 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया द्वारा भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती नगर पालिका परिषद उमरिया के वार्ड क्रमांक 6, लालपुर स्थित कांग्रेस के पूर्व पार्षद श्री गौरीशंकर प्रजापति के निवास पर बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर



जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी विजय कोल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर जी के विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय के लिए समर्पण का प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम एक सशक्त, समतामूलक और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मिथलेश राय ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन, उनके संघर्षों तथा समाज सुधार में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपस्थित जनों को उनके संविधान निर्माण में दिए गए योगदान, दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए संघर्षों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला संगठन महासचिव एड पुष्पराज सिंह, जिला महामंत्री वीरेंद्र सिंह सेंगर, जिला कांग्रेस निर्वाचन प्रभारी शिशुपाल यादव, गौरीशंकर प्रजापती, मो नईम, मो असलम शेर, संजय पांडे, करण सिंह, रमेश रिछरिया, शिव शर्मा, अवधेस राय सहित उपस्थितजनों द्वारा सामाजिक समरसता, समानता और संविधान के मूल्यों को मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

# बांधवगढ़ में बाघ शावक की मौत

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बुधवार 15 अप्रैल को बांधवगढ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र पनपथा कोर की बीट बघडो के कक्ष क्रमांक आरएफ 443 में एक बाघ शावक के मृत होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना होने पर तत्काल मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में डाग स्क्वाड बुलाकर क्षेत्र की सघन सचिग करायी जाकर मेटल डिटेक्टर से जांच करायी गई। उसके उपरांत निर्धारित एसओपी का पालन करते हुए वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी बांधवगढ टाइगर रिजर्व एवं खंड पशु चिकित्सा अधिकारी मानपुर की टीम द्वारा शव परीक्षण किया गया। शव परीक्षण उपरांत विभागीय सक्षम अधिकारियों क्षेत्र संचालक एवं उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया, राजस्व अधिकारी, एनटीसीए प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में शवदाह किया गया।



शव परीक्षण में प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण आपसी संघर्ष में मृत्यु होना पाया गया है।

वही बीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर योहन कटारा ने बताया कि मृत शावक लगभग 5 से 6 माह का है और शावक के पिछला भाग बुरी तरह से नष्ट हो गया इसलिए नर हैं या मादा अभी स्पष्ट नहीं हो सका है.!फॉरेंसिक जाँच रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग पायेगा। वही जहाँ पर शावक का शव मिला है वही बड़े बाघ के पगमार्क मिले हैं और हाथियों द्वारा उस स्थान पर सर्चिंग की गई है जहाँ पर बाघिन देखी गई है लेकिन उसके अन्य शावक नही दिखे है क्षेत्र में विभागीय कैंप हाथियों की सहायता से सर्च कराया जा रहा है तथा विवेचना जारी है।

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें असुविधा के लिए खेद है..!

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा एवं ट्रैक अनुरक्षण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के कटनी ए केबिन (103 ए और 104 बी) में ब्लॉक लेकर संरक्षा संबन्धित कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से संबंधित निम्न गाड़ियों का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा जो इस प्रकार से है दिनाँक 18 अप्रैल 2026 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68747 बिलासपुरदृकटनी मेमू पैसेंजर उमरिया स्टेशन में समाप्त होगी तथा



उमरिया से कटनी स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी।

इसी प्रकार दिनाँक 18 अप्रैल 2026 कटनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 68748 कटनी-बिलासपुर मेमू पैसेंजर उमरिया स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा कटनी से उमरिया स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। दिनाँक 18 अप्रैल 2026 को चिरमिरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 61602 चिरमिरीदृकटनी मेमू पैसेंजर झलवारा स्टेशन में समाप्त होगी तथा झलवारा से कटनी स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार दिनाँक 18 अप्रैल 2026 कटनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू पैसेंजर झलवारा स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा कटनी से झलवारा स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है..!

# महाविद्यालय उमरिया में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** महाविद्यालय परिसर कक्ष क्रमांक 8 रासेयो द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न विषयों (बाल विवाह प्रथा पर रोक, आत्महत्या एक सामाजिक श्राप, यातायात सुरक्षा जागरूकता, आपदा प्रबंधन) पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अरविंद शाह बरकड़े एवं अधिनायक शिवांश सिंह सेंगर के सफ़ल संचालन में संचालित जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 विमला मरावी की अध्यक्षता में क्रियान्वित हुआ, हिन्दी विभाग से डॉ0 सौरभ पाण्डेय मुख्य वक्ता के रूप में सभी विषयों पर सारगर्भित करने वाला वक्तव्य रखा।

# नवांकुर संस्था पैगाम फाउंडेशन द्वारा किया गया दीवार लेखन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा च्चजल गंगा सवर्धन अभियानज्ज 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। शासन के इस महत्वकांक्षी अभियान में म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है तथा अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल संवर्धन एवं जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत उमरिया जिले के विभिन्न शहर तथा ग्रामीण अंचलों में म0प्र0 जन अभियान परिषद जिला उमरिया की नवांकुर संस्था पैगाम फाउंडेशन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान नगर के चारों तरफ चौंक चौराहे, बस्ती, कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों पर बृहद दीवारों पर जल संवर्धन एवं जल संरक्षण संबंधी स्लोगन लिखकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। नवांकुर संस्था पैगाम फाउंडेशन के अध्यक्ष योगेश खंडेलवाल ने कहा कि जल की एक एक बूंद का संवर्धन करना हम सभी का दायित्व है। जल ही जीवन माना गया है। इसलिए आवश्यक है कि जल को संरक्षित करें। दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण है मेरा सपना, ताकि खुशहाल बने मप्र अपना। रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती, मानुष, चून, दादा - दादी करे गुहार, जल बचाओ बारंबार। शिक्षा ज्ञान बढ़ाती है, पानी जान बचाती है का संदेश दिया गया।



# जान से मारने की दी धमकी, मामला कायम

उमरिया।

कोतवाली थाना अंतर्गत बधवा के बगल से ग्राम खेरवाखुर्द में आरोपी ने फरियादी के साथ गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार विकास कुमार पांडे पिता रावेन्द्र कुमार उम्र 36 साल ग्राम खेरवाखुर्द कि शिकायत पर आरोपी प्रदीप पांडेय पिता खुशीराम ग्राम खेरवाखुर्द पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# रोजगार मेलों से नहीं हुआ बेरोजगारों का भला, फ्लाप हुआ प्लेसमेंट कार्यक्रम, रोजगार की तलाश में भटक रहे युवा

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

बेरोजगारी दूर करने के लिये न तो प्रशासन द्वारा सही प्रयास किये जा रहे हैं और न ही केन्द्र व राज्य शासन द्वारा इस ओर कोई विशेष पहल की जा रही है। जिसकी वजह से जिले में बेरोजगारी की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बेरोजगारी को नियंत्रित करने के लिये आखिरकार परिणामकारी प्रयास कब होंगे।

बेरोजगारों के मन में इस बात को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। यूं तो ग्रामीण अजीविका मिशन, रोजगार कार्यालय सहित अनेक संस्थाओं के माध्यम से रोजगार मेलों का आयोजन करके बेरोजगारी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है किन्तु यह पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा दूसरे विभागों द्वारा इस तरह के दूसरे प्रयास नहीं किये जा रहे है। जिससे बेरोजगारों को स्थाई रोजगार मिल सके। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में इस जिले में बेरोजगारों की संख्या लगातार इजाफा होता जा रहा है। रोजगार मेलों के माध्यम से निजी कम्पनियों द्वारा रोजगार देने का प्रयास किया जाता है लेकिन यह सभी कम्पनियां बाहर की होती है।






अधिकांश बेरोजगार इसी चक्कर में बाहर जाकर कंपनियों में काम नहीं करना चाहते हैं। जो बेरोजगार रोजगार मेलों के माध्यम से बाहर कंपनियों में काम करने जाते है उनमें से अधिकांश बेरोजगार वापिस हो जाते है। काम ज्यादा कराया जाता है और वेतन कम दिया जाता है।

कम वेतन पर बेरोजगारों और उनके परिवारो का गुजारा नहीं हो पाता है। कई बेरोजगार मजबूरी वश कम वेतन पर ही बाहर जाकर काम करते रहते हैं। कई बार इस जिले में रोजगार मेलों का आयोजन हुआ है। रोजगार मेलों से बेरोजगारों का भला नहीं होने वाला है।

बेरोजगारी दूर करने के लिये इस जिले में सिर्फ शासन-प्रशासन द्वारा पाखंड किया गया है। हर स्तर पर बेरोजगारी को नजर अंदाज करते हुये इस लाइलाज समस्या को दूर करने के लिये न तो पूर्व में हकीकत में प्रयास किये गये है और न ही अब किये जा रहे हैं। बल्कि इसके नाम से प्रशासन के आला अधिकारियों ने शासकीय धन का दुरूपयोग किया गया है और किया जा रहा है। बेरोजगार चाहते हैं कि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर स्थाई रूप से शासन-प्रशासन को मुहैया करानी चाहिये। ताकि बेरोजगारों को इस जिले में ही रोजगार मिल सके। बेरोजगार चाहते है कि रोजगार को बढ़ावा देने के लिये इस जिले में हर स्तर में प्रयास करना पड़ेगा तब जाकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सुलभ हो सकेगा। विगत पांच सालों में लगभग तमाम संस्थाओं के द्वारा लगभग एक सैकड़ा के आसपास रोजगार मेला लगाया गया। यहां से हजारो की संख्या में शिक्षित बेराजगारों को नौकरी देने का ऑफर लेटर देते हुए उन्हें महानगर जाने को कहा गया लेकिन इन बेरोजगारों के साथ कंपनियों ने अच्छा व्यवहार नही किया। कम वेतन में अधिक परिश्रम वाला काम कराया गया यहां तक की वेतन आदि में भी कटौती की गई लिहाजा शिक्षित बेराजगार अपने घर की ओर लौट गए।

आयोजन कर्ताओं ने न तो इन बेरोजगार की सुध ली और न ही कभी इन्हें कोई सहायता उपलब्ध कराई आखिर ऐसा क्यों वहीं सूत्रों का कहना है कि रोजगार कार्यालय में पदस्थ अधिकारी वर्षो से यहां जमे हुए हैं। जिनकी कार्यप्रणालीय अब चर्चाओं में हैं। वहीं शिक्षित बेरोजगारों का कहना है कि उन्हें स्थाई नौकरी मिलनी चाहिए। वहीं आवेदन आदि की प्रक्रिया सरल हो और कम खर्च में फार्म इंटरव्यू होने चाहिए। जबकि हर विभागों में शासकीय कर्मचारियो का टोटा बना हुआ है।

एक कर्मचारियों के पास कई शाखाओं का चार्ज हैं। इसके बाद भी सरकार नियमित भर्ती नही निकाल रही है। जिससे शिक्षित बेरोजगारों में जमकर नाराजगी है और उनका कहना है कि बड़ी-बड़ी कम्पनियां उन्हें ऑफर लेटर देंकर बुला तो जरूर रही हैं लेकिन जो काम शिविर के दौरान बताया जाता है। वह काम नही दिया जाता है उन्हें लेवर के रूप में रखकर कम्पनी कराती है। जहां पर भोजन पानी स्वच्छता का अभाव है वहीं उन्हें छुट्टी भी नही दी जाती है। ऐसे ही एक भुक्तभोगी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रोजगार कार्यालय के माध्यम से उसे काम के लिए पूना भेजा गया था लेकिन यहां पर मजदूरों से भी बुरा हाल हमारा रहा लिहाजा एक माह में ही हम सभी लोग गांव लौंट आए।



## ग्राम रेवाड़ा में उपार्जन केंद्र शुरू करने किसानों की मांग

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** विकासखंड नैनपुर के ग्राम रेवाड़ा में उपार्जन केंद्र शुरू करने के लिए किसानों ने मांग की है। इस हेतु अनुविभागीय अधिकारी को किसानों द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया है। किसानों का कहना है की समर्थन मूल्य में रवि उपार्जन वर्ष 2026 27 में खरीदी का कार्य किया जा रहा था। ग्राम रेवाड़ा में दो केंद्र बनाए जाते थे।चूंकि इस बार लेम्प्स ने ग्राम रेवाड़ा में खरीदी के लिए आदेशित नहीं किया। जबकि खरीदी केंद्र रेवाड़ा क्षेत्र बड़ा है। जिसमें आसपास के लगभग 10 ग्राम के किसान अपनी फसल बेचने आते हैं। अपनी फसल लगभग 10 से 15 किलोमीटर दूर खरीदी केंद्र नैनपुर ले जाना पड़ेगा। किसानों का कहना है ग्राम रेवाड़ा को खरीदी केंद्र पुनः बनाया जाए जिससे आसपास के सभी किसान अपनी फसल का विक्रय समर्थन मूल्य में कर सकें।

## जल गंगा अभियान कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मोहगांव विकासखंड के ग्राम मलपहारी (सेक्टर 1) में जनअभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक नेम लाल धुर्वे के निर्देशन में बुढ़नेर नाला की सफाई और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता गतिविधियां की गईं

## अवैध शराब में दो गिरफ्तार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में दिनांक 14 अप्रैल को मुखबिर सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान संदिग्ध सेंट्रो कार क्रमांक एमएच02/बीटी/7221 को रोककर तलाशी ली गई जिसमें देशी एवं अंग्रेजी शराब की 9 पेटियां बरामद हुईं।

## जागरूकता अभियान कार्यशाला

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कार्यालय परियोजना नैनपुर में कृषक महिलाओं की उपस्थिति में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत कार्यशाला एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों की जानकारी, तथा विभिन्न कानूनों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति जागरूकता फैलाना था।

## हिरदेनगर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासन की मंशानुसार किसानों को उनकी उपज का सही लाभ दिलाने और उपार्जन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारिया पूरी की जा चुकी हैं।

## टीईटी के विरोध में प्रदर्शन रैली

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिपेक्ष में शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के संबंध में संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में विशाल धरना प्रदर्शन एवं रैली विनोद रंगमंच बिछिया से तहसील कार्यालय तक शिक्षकों की भारी संख्या बल के साथ रैली निकाली गई। रैली में संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक संतोष सोनी एवं संजीव वर्मा के मार्गदर्शन में ब्लॉक संयोजक सेवनसिंह मरकाम, विपत यादव, मंशाराम झरिया, सुरजीत पटेल, राकेश नामदेव अशोक बाजपेई, गोपाल राजपूत, सीमा राजपूत, रजनी तेकाम, निर्मला पंद्रे, किरण गुप्ता उपस्थित थे।

## मत्स्य मंत्री से मिला मांझी समाज



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ढीमर मांझी समाज के वंशानुगत मछुआरे जो कि अनेक वर्षों से सरकार की योजनाओं से वंचित थे एवं मत्स्य पालन करने वाले तालाब में परेशानी को देखते हुए प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पवार से मुलाकात और समस्याओं से अवगत कराने को लेकर बैठक का आयोजन भोपाल में किया गया। यह बैठक कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके के आवास में हुई जहां सभी समस्याओं से मंत्री श्री पवार जी अवगत कराया गया।

समाज के लोगों की समस्याएं गंभीर पूर्वक सुनी वे शीघ्र एवं उचित निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ढीमर मांझी समाज जिलाध्यक्ष उमाशंकर सिंधिया, श्रीलाल नंदा, थामन बरमैया, बैसाखू नंदा, मनोज नंदा, नंदलाल नंदा महेंद्र नंदा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा हुई साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु आवश्यक विषय संबंधी दिशा निर्देश दिए गए जिले के सभी मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जो प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुए हैं उसके संबंध में समीक्षा भी की गई ताकि भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों को और भी उत्साह के साथ और प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप संपन्न किया जा सके भारतीय जनता पार्टी निवास क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चौकसे का दुखद निधन 14 अप्रैल को हो गया था वे पार्टी के एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे हैं।

## ब्रेन चाइल्ड बच्चों ने बनाया मुकाम





मण्डला(स्वतंत्रमत)।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा से सफलता का नया इतिहास रचा है। विद्यालय ने न केवल 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया बल्कि जिले की प्रावीण्य सूची में भी अपनी जगह बनाई है विद्यालय की छात्रा आरना खरे ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया बल्कि अपने उपलब्धि से जिले को गौरवान्वित किया है। सफलता की इस कड़ी में ख्याति अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और पार्थ कुशवाहा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आंकड़ों के अनुसार विद्यालय के 30 प्रतिशत छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने में सफल रहे वहीं 80 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण दिया। प्राचार्या डॉ. दिव्या शुक्ला का कुशल नेतृत्व और विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन एव राजुल सिंहानी का प्रभावी प्रबंधन रहा है।

## निर्मला के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएससी द्वारा कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें निर्मला सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा कु. धान्या मिश्रा ने 97.2 प्रतिशत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान, अंशिका वर्मा 96.8 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान एवं तान्या सोनवानी ने 96.2 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है सभी छात्राओं ने अपनी सफलता



का श्रेय माता पिता के साथ प्राचार्य शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं उनकी कड़ी मेहनत को दिया है इसी क्रम में छात्राओं एवं माता पिता का विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त छात्राओं को पुष्पगुच्छ देकर एवं केक काटकर विद्यालय में उनका सम्मान किया गया।

इस दौरान प्राचार्य सिस्टर क्लारा कुजूर ने हर्ष व्यक्त करते हुये उनके उज्जवल भविष्य कामना की इस मौके पर समस्त कक्षा शिक्षक विषय शिक्षक उपस्थित रहे।

## एकता श्रीवास का शानदार प्रदर्शन



मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल लफरा की मेधावी छात्रा एकता श्रीवास ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 400 अंक 80 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल अपने स्कूल बल्कि पूरे परिवार का नाम भी रोशन किया है एकता श्रीवास स्व. सुनील श्रीवास की पुत्री एवं कविता श्रीवास की सुपुत्री हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद एकता ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनकी इस सफलता पर परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर जगदीश श्रीवास, जानकी श्रीवास, शारदा श्रीवास, आरती श्रीवास, कविता श्रीवास, सुनील, सरिता श्रीवास, स्वपनेश, सिद्धांत, सिद्धू, श्रद्धा, सुहानी श्रीवास सहित अनेक परिजन ने बधाई दी है।

## रूढ़िवादी परम्परा को आईना दिखवाते हुए एक बेटी ने किया पिता का अंतिम संस्कार

मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)।

सदियों से व्याप्त रूढ़िवादी परम्परा को आईना दिखाते हुए एक बेटी ने अपने पिता का अंतिम संस्कार पूरी विधि विधान से किया। ग्राम अंजनिया निवासी कुंजबिहारी झारिया का 15 अप्रैल को निधन हो गया 16 अप्रैल को 13 वर्षीय पुत्री कुमारी तौम्या रुचि झारिया ने अपने पिता के अंतिम संस्कार की समस्त रीतियों का निर्वहन किया इस प्रकार अपने कर्तव्य का निर्वहन कर बेटा बेटी में फर्क करने वाले समाज के समक्ष कुमारी तौम्या ने निश्चित ही एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। साथ ही इस दुःख की घड़ी में समस्त स्वजातीय बंधुओं इष्ट-मित्रों एवं अन्य समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान किया गया।



## नैनपुर में जनगणना 2026 की तैयारियां तेज

### प्रगणकों व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

### 295 जनगणना ब्लाक में 258 प्रगणक 43 पर्यवेक्षकों की सहायता से जनगणना कार्य करेंगे

**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** आगामी जनगणना 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए नैनपुर विकासखंड में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का शुभारंभ 15 अप्रैल से किया गया है, जो तीन अलग-अलग पालियों में आयोजित होकर 25 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगा। प्रत्येक पाली में तीन-तीन दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह प्रशिक्षण नैनपुर के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है, जहां प्रतिभागियों को जनगणना के विभिन्न चरणों, प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। नैनपुर तहसील एवं नगर पालिका क्षेत्र में



जनगणना कार्य 1 से 30 मई के मध्य संपन्न किया जाना है। इस दौरान प्रथम चरण में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया जाएगा, जो आगे की जनगणना प्रक्रिया की आधारशिला माना जाता है। प्रशिक्षण के दौरान नैनपुर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए कुल 262 जनगणना ब्लॉकों के लिए 230 प्रगणकों एवं 38 पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं, नगर पालिका क्षेत्र के 33 जनगणना ब्लॉकों के लिए 28 प्रगणक और 5 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।इस प्रशिक्षण में फील्ड मास्टर ट्रेनर्स के रूप में दिलीप शरणागत, शंकर दयाल बाजपेयी, संजय सिंगौर, रंजीत गौतम, प्रो. राजेश मसातकर एवं प्रो. श्री उर्वेती द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी जा रही है। ये प्रशिक्षक जनगणना के दौरान डेटा संग्रहण, फॉर्म भरने की प्रक्रिया, डिजिटल उपकरणों के उपयोग एवं त्रुटिरहित कार्य निष्पादन के बारे में मार्गदर्शन दे रहे हैं।प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम आशुतोष महादेव ठाकुर ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने जनगणना को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए सभी को इसे समय-सीमा के भीतर पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने का आह्वान किया। इस दौरान राजस्व विभाग से विजय गोठरिया, दिनेश पटेल एवं आशीष वैष्णव भी विशेष सहयोग प्रदान करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रशिक्षित अमला जनगणना के कार्य को पूरी दक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पूरा करे, ताकि क्षेत्र की सटीक जनसंख्या एवं सामाजिक-आर्थिक जानकारी एकत्रित की जा सके। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आधार बनेंगे।

## नवकार महामंत्र अनुष्ठान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सकल दिगम्बर जैन समाज लघु तीर्थ क्षेत्र व्रती नगरी पिंडरई के तत्वाधान में प्रातः काल की बेला में विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विश्व शांति नवकार महामंत्र जप अनुष्ठान का आयोजन अध्यक्ष चौधरी कैलाश चंद्र के कुशल निर्देशन एवं नगर गौरव ब्रह्मचारिणी बहन चंद्रलेखा दीदी, सुनीता दीदी, मीना दीदी, साधना दीदी, साक्षी दीदी, तासु दीदी एवं सक्षम भैया के मंगल सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज की गरिमामय उपस्थिति में भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

संपादकीय

## अब आर्थिक आतंकवाद

मिडिल ईस्ट में युद्ध का नया आयाम खुल गया है। राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर अमरीकी नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी शुरू कर दी है। ईरान की बंदरगाहों पर पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। जो जहाज ईरान को 'टोल' देकर गुजरते रहे हैं, अमरीका उन पर भी नाकेबंदी करेगा। उन जहाजों को भी रोका जाएगा और जांच होगी। क्या अब ईरान के प्रतिरोध पर 'समुद्री युद्ध' का आगाज हो सकता है? चूंकि ईरान 90 फीसदी कच्चा तेल चीन को निर्यात करता रहा है, ऐसे में चीन की चेतावनी सामने आई है कि ईरान के साथ उसका समझौता है, लिहाजा उसमें हस्तक्षेप न करें। इस मुद्दे पर रूस भी चीन के साथ है। क्या अब चीन-रूस बनाम अमरीका का नया टकराव सामने आ सकता है?

अमरीका और ईरान नाकेबंदी के जरिए जो कुछ कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से 'आर्थिक आतंकवाद' है। यदि एशिया महाद्वीप की ही बात करें, भारत-चीन-जापान जिसका हिस्सा हैं, उसकी करीब 389 करोड़ आबादी तेल-गैस और अन्य सामान से वंचित है। तेल रुकने से 59 फीसदी वैश्विक महंगाई बढ़ गई है। होर्मुज से 3 अरब बैरल तेल औसतन हररोज गुजरता था। खाने-पीने की चीजें, उर्वरक आदि के गंभीर संकट पैदा होते जा रहे हैं। भारत भी 35-40 फीसदी कच्चा तेल होर्मुज के रास्ते ही आयात करता था। भारत सरकार के पास मात्र 9.5 दिन के तेल का रणनीतिक भंडार है, शेष 64.5 दिनों का भंडारण तेल कंपनियों के पास हैं। भारत की आबादी के मद्देनजर यह तेल 'ऊंट के मुंह में जीरे' समान है। ईरान युद्ध और अब होर्मुज की नाकेबंदी के प्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय उद्योग पर भी दिखने लगे हैं। सरकार कुछ भी दावे करे या सहानुभूति व्यक्त करे, लेकिन देश में 22 अरब रुपए का नुकसान हो चुका है। करीब 5.5 लाख रेस्तरां, छोटे होटल या तो बंद हो चुके हैं अथवा तालाबंदी के कगार पर हैं। श्रमिक पलायन कर अपने गांव लौट रहे हैं अथवा नोएडा, हरियाणा की कुछ कंपनियों के बाहर हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहन भी फूंक दिए गए। इस 'आर्थिक आपातकाल' में कंपनियां भी मजदूरों को पर्याप्त मेहनताना कैसे दें, क्योंकि उनके उत्पाद भी बेकार पड़े हैं। निर्यात संभव नहीं हैं। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात करता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। भारत ने एक बार फिर रूस से 19.75 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। यह 2025 जितना ही है। हालांकि अमरीका की घुड़की और टैरिफ के भय के कारण भारत ने यह खरीद 6 लाख बैरल तक घटा दी थी। इसी तरह 2019 से ईरान से तेल लेना भी बंद कर दिया था। अब मौजूदा दौर में ईरानी तेल के दो टैंकर भी भारतीय तटों पर आए हैं। अब हम अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, ओमान आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करने को विवश हैं। भारत की विदेश नीति, तेल आयात नीति और भंडारण की नीति सवालिया हैं। दरअसल हम कुआं खोदना तब शुरू करते हैं, जब आग धधकने लगती है। तेल का भंडारण आज भी उतना ही है, जितना 2014 में था, जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। चीन में 110-140 दिन का भंडारण है और जापान 254 दिन के तेल का भंडारण रखता है। बहरहाल अब अमरीका और ईरान जो नाकेबंदियां कर रहे हैं, युद्धपोत, लड़ाकू विमान, पनडुब्बियां, मिसाइल, ड्रोन और बारूदी सुरंगें जिस तरह तैनात हैं, उन्हें शेष दुनिया की चिंता भर भी नहीं है। फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, स्पेन सरीखे सहयोगी देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप की नाकेबंदी का विरोध किया है। अमरीका के निशाने पर ईरान के साथ-साथ चीन भी है, जिसकी तेल-आपूर्ति पर भी पहरेदारियां बिठा दी गई हैं। कुल मिलाकर ये हरकतें 'आर्थिक आतंकवाद' नहीं हैं, तो क्या हैं?

# बिहार में संभावनाएं विकास की: अब सत्ता सम्राट की



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

बिहार की राजनीति लंबे समय से बदलाव, प्रयोग और नेतृत्व के उतार-चढ़ाव का साक्षी रही है। ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह क्षण बिहार के लिए एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां अपेक्षाएं केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, दृष्टि और परिणामों की भी हैं। नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरु हो रहा है, सम्राट के भरोसे से ।राजनीति

सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है। भारतीय राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के उदाहरण इस बात को पुष्ट करते हैं कि अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरों के बावजूद विकास की गति तेज रह सकती है, यदि नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो।

बिहार के संदर्भ में यह पहलू और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह राज्य लंबे समय तक



अवसंरचनात्मक पिछड़ेपन, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक विषमताओं से जूझता रहा है। ऐसे में सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे इन जटिल समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें। केवल राजनीतिक स्थिरता पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उसे विकासात्मक स्थिरता में परिवर्तित करना होगा। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि बिहार के हालिया इतिहास में यदि किसी नेता ने प्रशासनिक सुधार और सुशासन की एक स्पष्ट छवि प्रस्तुत की है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने जिस समय सत्ता संभाली, उस समय बिहार 'जंगलराज' की छवि से जूझ रहा था। कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी, अवसंरचना लगभग ध्वस्त थी और राज्य की छवि राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक थी। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन का आधार बनीं। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शासन के प्रति जनता का विश्वास पुन: स्थापित हुआ।

नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों और गठबंधनों में बदलाव ने उनकी छवि को कुछ हद तक प्रभावित भी किया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक मानक आज भी बिहार के लिए एक संदर्भ बिंदु बने हुए हैं। सम्राट चौधरी के लिए यह एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों है कि वे इन स्थापित मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और आगे बढ़ाएं। उन्हें यह समझना होगा कि बिहार की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम चाहती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी सुधार की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता, उच्च शिक्षा के अवसर, अस्पतालों की स्थिति और चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं जहां ठोस कार्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो किसी भी विकासात्मक प्रयास को कमजोर कर सकती है। यदि सम्राट चौधरी वास्तव में एक प्रभावी और जनोन्मुखी शासन स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचारमुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। डिजिटल गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं।

महिला सशक्तिकरण भी बिहार के विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। पिछले वर्षों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें हुई हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। यदि सम्राट चौधरी इस क्षेत्र में ठोस और नवाचारी कदम उठाते हैं, तो यह बिहार की प्रगति को एक नई दिशा दे सकता है। पलायन की समस्या भी बिहार के लिए एक स्थायी चुनौती रही है। लाखों लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं, जिससे न केवल राज्य की श्रमशक्ति का क्षरण होता है, बल्कि सामाजिक संरचना पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान केवल उद्योगों के विकास और स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन से ही संभव है। कृषि आधारित उद्योग, लघु और मध्यम उद्योग तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

निश्चिततौर पर यह कहा जा सकता है कि बिहार आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां अतीत के अनुभव, वर्तमान की अपेक्षाएं और भविष्य की संभावनाएं एक साथ उपस्थित हैं। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह राज्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह उनके निर्णयों, नीतियों और कार्यशैली पर निर्भर करेगा। यदि वे नीतीश कुमार द्वारा स्थापित सुशासन के मानकों को आधार बनाते हुए नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं, तो बिहार न केवल अपने पुराने कलंक से पूरी तरह मुक्त हो सकता है, बल्कि एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में भी उभर सकता है। यह समय केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण के परिवर्तन का है। बिहार की जनता अब जागरूक है, अपेक्षाएं स्पष्ट हैं और अवसर भी व्यापक हैं। ऐसे में सम्राट चौधरी के लिए यह आवश्यक है कि वे व्यक्ति-आधारित राजनीति से ऊपर उठकर नीतियों और परिणामों पर केंद्रित शासन प्रस्तुत करें। यदि वे ऐसा कर पाते हैं, तो न केवल वे अपने नेतृत्व को सिद्ध करेंगे, बल्कि बिहार को एक नई पहचान भी देंगे-एक ऐसे राज्य के रूप में जो संघर्ष से उबरकर सफलता की नई गाथा लिखने में सक्षम है।

# महिला आरक्षण का 'आकर्षण'



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

एक तरफ जहां पूरी दुनिया पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध पर चीत्कार कर रही है तो वहीं दूसरी ओर भारत के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और केन्द्र की मोदी सरकार संसद के चालू बजट सत्र की तीन विशेष बैठकें 16 से लेकर 18 अप्रैल तक बुला रही है। इससे भारत के लोकतन्त्र की उस अजीम ताकत का पता चला है जिसे संविधान के माध्यम से हमारे स्वतन्त्रता सेनानियों ने हमें अता फरमाई थी। आज से यह त्रिदिवसिय बैठक शुरू हो रही है जिसमें महिला आरक्षण विधेयक को नये सिरे से पारित कराया जायेगा। यह संविधान संशोधन होगा जिसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।


सत्तारूढ़ भाजपा की मोदी सरकार को विश्वास है कि दोनों ही सदनों में विपक्ष की प्रमुख पार्टियां भी इसका समर्थन करेंगी क्योंकि देश की आधी आबादी को दिये जाने वाले अधिकार का विरोध करके वे अपने राजनीतिक भविष्य को अंधेरे में नहीं धकेल सकतीं। परन्तु महिलाओं को विधानसभाओं व लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने वाले इस विधेयक के साथ ही दो और विधेयक भी पारित किये जायेंगे जो चुनाव क्षेत्र परिसीमन व केन्द्र प्रशासित राज्यों से सम्बन्धित होंगे। फिलहाल परिसीमन में पूर्ण राज्य व केन्द्र प्रशासित राज्य समन्वित रूप से ही अपने लोकसभा चुनाव करते हैं। चुनाव तो अब भी समन्वित रूप से होंगे मगर केन्द्र प्रशासित राज्यों से अब कुल 35 लोकसभा सांसद चुने जायेंगे जबकि राज्यों से 815 लोकसभा सांसद होंगे। इस प्रकार वर्तमान लोकसभा सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 850 हो जायेगी जो कि वर्तमान संख्या से 50 प्रतिशत अधिक होगी। कुल 850 सांसदों में अनुसूचित जातियों व जनजातियों का आरक्षण रहेगा। अत: महिलाओं के लिए जो 33 प्रतिशत आरक्षण होगा उसमें भी अनुसूचित जातियों व जनजातियों की महिलाओं के लिए आरक्षण रहेगा। वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने संसद के दोनों सदनों में इसे पारित कराने में सफलता प्राप्त कर ली मगर इसे जमीन पर उतारने के बारे में शर्त लगा दी कि महिला आरक्षण तभी लागू होगा जबकि देश में नई जनगणना हो जाये। इसके आधार पर परिसीमन आयोग गठित होगा जो लोकसभा की सदस्य संख्या बढ़ाने की अनुशंसा करेगा।

मोदी सरकार नया संविधान संशोधन लाकर यही शर्त हटाना चाहती है। अत: नये संशोधन में प्रस्ताव किया गया है कि परिसीमन आयोग सबसे ताजा हुई जनगणना के आधार पर ही चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन कर देगा। भारत में पूर्व सबसे ताजी जनगणना 2011 में मनमोहन सरकार के कार्यकाल के दौरान हुई थी। अत: लोकसभा के सदस्यों की संख्या अब इसी आधार पर 850 तक बढ़ाई जायेगी जो आगामी 15 वर्षों तक यथावत रहेगी परन्तु विपक्षी पार्टियां विशेष कर कांग्रेस व द्रमुक इस मुद्दे पर कह रही हैं कि नये परिसीमन में लोकसभा में भारत के किसी एक विशेष भूभाग के लोगों का वर्चस्व नहीं होना चाहिए और परिसीमन इस प्रकार होना चाहिए कि उत्तर व दक्षिण के सभी राज्यों को अपना-अपना वाजिब हिस्सा मिले।

बेशक फिलहाल उत्तर भारत व पश्चिमी भारत के विभिन्न राज्यों में भाजपा का सिक्का चल रहा है परन्तु कर्नाटक को छोड़ कर सभी दक्षिणी राज्यों में यह पार्टी बहुत कमजोर मानी जाती है। इसलिए दक्षिणी राज्यों के राजनीतिक दलों को आशंका है कि कहीं संसद के भीतर उनकी राजनीतिक शक्ति संशोधन के बाद हल्की न पड़ जाये। अत: द्रमुक व वामपंथी पार्टियां मांग कर रही हैं कि परिसीमन में उनके साथ भेदभाव हो सकता है। मगर मोदी सरकार ने अब इस शंका का समूल नाश ही कर दिया है और कहा है कि परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होगा।

इसकी वजह यह थी कि दक्षिण भारत के राज्यों ने जनसंख्या नियन्त्रण में बहुत बेहतर काम किया है जबकि उत्तर भारत के राज्य इसमें पिछड़े रहे हैं लेकिन अब तो परिसीमन 2011 के आंकड़ों के आधार पर होगा और गृहमन्त्री श्री अमित शाह वचन दे चुके हैं कि नई सदस्य संख्या में उतर-दक्षिण के पुराने संख्या समीकरण बने रहेंगे। हालांकि जब 2023 में मोदी सरकार ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया था तो विपक्षी दलों ने ही मांग की थी कि इसे तुरन्त लागू क्यों नहीं किया जा सकता और सरकार इसके साथ जनगणना व परिसीमन की शर्त क्यों लगा रही है। एक मायने में मोदी सरकार ने नये संशोधन में विपक्षी दलों की मांग को ही मंजूर करते हुए इसे 2011 की जनगणना से जोड़ दिया है जिससे परिसीमन आयोग अपना काम जल्दी ही शुरू कर सके। इसे देखते हुए यदि विपक्षी दल अब भी नये संशोधन विधेयक को पारित करने से पीछे हटते हैं तो उन्हें भारी राजनीतिक नुक्सान हो सकता है। जब परिसीमन से सम्बन्धित विधेयक में सरकार यह शर्त लगा रही है कि इसके बाद हर जनगणना के बाद परिसीमन कराना जरूरी नहीं होगा तो किस बात का विरोध है ? जहां तक 850 सांसदों के लोकसभा में बैठने का सवाल है तो नये लोकसभा भवन में 888 सांसद आराम से बैठ सकते हैं जिनकी संख्या 1100 के करीब तक भी पहुंच सकती है जिससे संसद के दोनों सदनों का संयुक्त सत्र भी जरूरत पड़ने पर हो सके।

# समानता का सजग प्रहरी: अनुच्छेद 14 और भारतीय संविधान



दिनेश चन्द सागर (एडवोकेट)

लेखक भूतपूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक, पुलिस के लिए वीरता पदक, बार टू पीएमजी एवं अन्य राष्ट्रीय व राजकीय सम्मानों से अलंकृत हैं

संवैधानिक कानून के अभ्यास में हम अक्सर स्वर्ण त्रिभुज (अनुच्छेद 14, 19 और 21) का उल्लेख करते हैं, लेकिन एक अधिवक्ता और कानून प्रवर्तन के पूर्व अनुभवी के रूप में, मैं मानता हूँ कि अनुच्छेद 14 एक कानूनी पेशेवर का सबसे बहुमुखी शस्त्र है। जहाँ इसका मूल पाठ 1950 से अपरिवर्तित है, वहीं न्यायिक व्याख्याओं ने इसे कार्यकारी मनमानेपन के विरुद्ध एक अचूक ब्रह्मास्त्र बना दिया है। विधि जगत के लिए, अनुच्छेद 14 केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि वह प्राथमिक माध्यम है जिसके द्वारा हम किसी कानून की वैधता या राज्य की कार्रवाई की प्रक्रियात्मक अनियमिता को चुनौती देते हैं।

**न्यायशास्त्रीय संरचना**- पाठ से परे

एक अधिवक्ता के रूप में, हम अनुच्छेद 14 की व्याख्या दो विशिष्ट स्तंभों के माध्यम से करते हैं जो हमारी दलीलों का आधार बनते हैं।

**विधि के समक्ष समानता**- यह एक नकारात्मक अवधारणा है, यह सुनिश्चित करती है कि विधि का शासन सर्वोपरि है और कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पद पर हो, कानूनी प्रक्रिया से ऊपर नहीं है।

**विधियों का समान संरक्षण**- यह एक सकारात्मक अवधारणा है, यह राज्य को निर्देश देता है कि वह असमान लोगों के साथ समान व्यवहार न करे। अदालत में, यह हमें यह तर्क देने की शक्ति देता है कि समाज के वंचित वर्गों को विशेष संरक्षण देना समानता के विरुद्ध नहीं, बल्कि समानता की स्थापना के लिए अनिवार्य है।

**रणनीतिक बदलाव**- वर्गीकरण से गैर-मनमानेपन तक, दशकों तक हमारा ध्यान उचित वर्गीकरण के सिद्धांत पर केंद्रित रहा। हम स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल बनाम अनवर अली सरकार के परीक्षण पर निर्भर थे।

**बोधगम्य अंतर- क्या वर्गीकरण का कोई स्पष्ट आधार है?**- क्या उस आधार का अधिनियम के उद्देश्य से कोई तार्किक संबंध है? हालाँकि, रोयप्पा (1974) और मेनका गांधी (1978) के युग ने हमारी रणनीति को बदल दिया। न्यायमूर्ति भगवती की इस घोषणा ने कि समानता मनमानेपन की विरोधी है, अनुच्छेद 14 को पारंपरिक सीमाओं से मुक्त कर दिया। आज, हम केवल यह तर्क नहीं देते कि कानून भेदभाव करता है; हम यह तर्क देते हैं कि राज्य की कार्रवाई स्पष्ट रूप से मनमानी है।

**आधुनिक अधिवक्ता का टूलकिट (2026)**- 2026 में, अनुच्छेद 14 का दायरा उन क्षेत्रों में विस्तारित हो गया है जहाँ तकनीकी समझ और कानूनी ज्ञान का मेल आवश्यक है।

**उचित आवास का सिद्धांत** - दिव्यांगों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के मामलों में, अब हम तर्क देते हैं कि औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं है। राज्य को व्यक्तिगत भिन्नताओं को समायोजित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। ऐसा न करना अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।

**जवाबदेही**- एआई आधारित शासन के इस दौर में, यदि कल्याणकारी योजनाओं या लाइसेंसिंग का निर्णय किसी सॉफ्टवेयर द्वारा लिया जाता है, तो हम उस कोड की पारदर्शिता को चुनौती देते हैं। यदि डेटा पक्षपाती है, तो वह अनुच्छेद 14 के तहत मनमाना माना जाता है।

**सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता**- स्पेक्ट्रम और प्राकृतिक संसाधनों के आवंटन के मामलों में, अनुच्छेद 14 हमारा सबसे मजबूत तर्क है। राज्य एक ट्रस्टी (न्यासी) है, और बिना पारदर्शिता या निष्पक्षता के किया गया कोई भी आवंटन अनुच्छेद 14 की वेदी पर टिक नहीं सकता।

**निष्कर्ष- एक जीवंत प्रहरी**- एक अधिवक्ता के लिए, अनुच्छेद 14 केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि अदालत का वह जीवंत प्रहरी है जो यह सुनिश्चित करता है कि कानून का शासन किसी व्यक्ति की सनक पर भारी पड़े। चाहे हम किसी हाशिए पर खड़े नागरिक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हों या किसी बड़े सरकारी टेंडर को चुनौती दे रहे हों, अनुच्छेद 14 हमें वह बुनियादी तर्क प्रदान करता है कि राज्य को निष्पक्ष होना चाहिए, उसके कारण ठोस होने चाहिए और उसकी कार्रवाई न्यायपूर्ण होनी चाहिए। एक कुशल अधिवक्ता के हाथों में, अनुच्छेद 14 यह सुनिश्चित करता है कि प्रस्तावना का वादा केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक लागू होने वाली वास्तविकता है।

**विधि जगत के लिए मुख्य बिंदु**- 1. हमेशा यह देखें कि क्या कानून केवल कागजों पर समान है या उसके परिणाम भी समान हैं।

2. आधुनिक मुकदमों में, तार्किक संबंध के बजाय स्पष्ट मनमानेपन को सिद्ध करना अधिक प्रभावी होता है।

3.अनुच्छेद 14 को हमेशा अनुच्छेद 19 और 21 के साथ पढ़ा जाना चाहिए जिससे सम्मुचित न्याय सुनिश्चित हो सके। यही भारतीय संविधान की सशक्त और विलक्षण महानता है।

# कमजोर मानसून और आपदा प्रबंधन

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

आगामी मानसून को लेकर के पहला पूर्वानुमान जारी करने के साथ ही मौसम विभाग ने आने वाले मानसूनी सत्र में सामान्य से कम बरसात के संकेत दे दिए हैं। हांलाकि अभी मानसून के पूर्वानुमान और भी जारी किये जाएंगे पर यह आरंभिक सूचना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सामान्य से 8 फीसदी तक कम बरसात की संभावना जताई गई है। देश के कई हिस्सों में कम बरसात होने के संकेत है तो कुछ हिस्सों में सामान्य बरसात भी हो सकती है। माना जा रहा है कि अल नीनो इफेक्ट के चलते मानसून कमजोर रहेगा। यह भी सही है कि हमारे मौसम मंत्रालय द्वारा जारी पूर्वानुमान अब काफी हद तक आसपास रहने लगे हैं। यहां तक कि दो से तीन घंटों में बरसात होने या आंधी तूफान या ओलावृष्टि तक के पूर्वानुमान खरे उतरने लगे हैं। ऐसे में मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र व राज्यों की सरकारों को अभी से पूर्व तैयारियां करने में जुट जाना चाहिए। खासतौर से आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से भावी रणनीति तय करनी होगी। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है जिसके अनुमानों के अनुसार 81 सेमी तक रहने की आशंका है। पूर्वानुमानों को माने तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले आठ सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देष में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है।

हमारे देश में मानसूनी बरसात पर निर्भरता अधिक है। जहां खेती में मानसूनी बरसात की निर्भरता बहुत अधिक है तो दूसरी और पेयजल को लेकर भी मानसून पर निर्भरता अधिक है। जलाशयों में पानी के भण्डारण और भूजल स्तर भी बरसाती पानी पर ही निर्भर है। हमारी खेती मुख्यत: मानसून पर निर्भर हैं। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कमी के कारण मानसून पर खेती 55 से 64 प्रतिशत निर्भर है। पीने के पानी की समस्या भी कमजोर मानसून से प्रभावित होती है। हमारे यहां मानसून का समय जून से सितंबर तक का रहता है। अब सवाल उठता है कि पिछले सालों में मानसून सामान्य से अच्छा रहने के बावजूद कमजोर मानसून की स्थिति से निपटने में हमारी तैयारी कोई अच्छी नहीं मानी जा सकती। अत्यधिक भूजल दोहन और जल संचयन की दीर्घकालीक नीति के अभाव में ठोस परिणाम प्राप्त नहीं हो पाये हैं। ऐसा नहीं है कि नीति नहीं बनती हो या ऐसा भी नहीं है कि जल




संचयन के प्रयास नहीं होते हो पर जो परिणाम देखने में आए हैं वह कोई आशाजनक नहीं माने जा सकते। पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की बात करना तो हमारे यहां बेमानी ही रही है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संधारण में भी हम कुछ अधिक नहीं कर पाये हैं। इसके अलावा हमारे यहां दुर्भाग्यजनक बात यह है कि तात्कालिक प्रयास होते हैं। शहरीकरण की आड़ में प्राकृतिक जल स्त्रोत या तो नष्ट हो गए हैं या उनमें बरसात के पानी जाने के रास्ते अवरुद्ध या बंद हो गए हैं। नदी नालों के रास्ते या तो बंद हो गए हैं या अवरुद्ध हो गए हैं। बरसात के पानी के जलाशयों में रास्तों में अनधिकृत कब्जे, निर्माण और रिसोर्ट बना दिए है। एक समय ऐसा भी आया कि जब विशेषज्ञों ने बरसात के पानी जाने के रास्तों में जगह जगह एनिकट बनाने की सलाह दे ड़ाली और छोटे छोटे एनिकट बनने से नदियों-जलाशयों में पानी की आवक प्रभावित हो गई। इससे तात्कालीक यानी कि एनिकटों में पहले पानी एकत्र तो हुआ पर बाद में इनका रख रखाव नहीं होने से दोहरा नुकसान हुआ। इसी तरह से वर्षा जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए सरकार ने अरबों रुपये खर्च किये पर उनके निर्माण के आंकड़ें पूरे करने के चक्कर में हम भूल गए कि बरसात के पानी इनमें कितना व कैसे जा पाएगा। फिर बरसात से पहले इनकी देखरेख पर भी ध्यान नहीं देने से जो परिणाम मिलने चाहिए थे वे नहीं मिल सके हैं। एक और हमारे दैनिक उपभोग में भी पानी का उपयोग अधिक बढ़ा है आज पेयजल से कई गुणा अधिक पानी टायलेट और कुलरों में उपयोग होने लगा है। समय रहते टायलेट में कम पानी के उपयोग की कोई राह निकाली जाती तो हालात में सुधार ही होता। इसी तरह से देशभर में वाटर ट्रिमेंट सिस्टम लगाने का अभियान चला पर इनके परिणाम भी ज्यादा अच्छे नहीं देखे जा रहे है। रिसाइकिल पानी को लेकर भी कोई स्पष्ट नीति तय हो तो कुछ हद तक समाधान हो सकता है। खैर यह तो हालात की तस्वीर है।

सौ टके का सवाल यह है कि कमजोर मानसून के हालात से निपटने की कार्ययोजना हमें अभी से बनानी होगी। मौसम विभाग ने अप्रेल में यह चेतावनी दे दी है। मानसून जून में आएगा। ऐसे में अभी मई का महीना हमारे पास है। अभी से सरकार को कमर कसनी होगी। कमजोर मानसून के हालात में हमें कम पानी से अधिक बेहतर हालात बनाने के प्रयास करने होंगे। इसके लिए जहां पानी की एक एक बूंद को सहेजने की रणनीति तैयार करनी होगी वहीं कृषि मंत्रालय को खरीफ के लिए इस तरह की रणनीति बनानी होगी जिसमें कम पानी के उपयोग से बेहतर फसल तैयार होने वाली फसलों और किस्मों के लिए किसानों को प्रेरित हो सके।

खेती किसानी भी प्रभावित ना हो और पैदावार भी अच्छी हो इसकी रणनीति बनानी होगी। अधिक पानी की आवश्यकता वाली फसलों की खेती ना करने के लिए किसानों को उत्साहित करना होगा। इसी तरह से जलाशयों, बांधों में उपलब्ध पानी का प्रबंधन योजनाबद्ध तरीके से करना होगा। अभी से आमजन को पानी के अपव्यय को रोकने के लिए प्रेरित करना होगा। कहने का अर्थ है कि जब आने वाले हालात की तस्वीर हमारे सामने कमोबेस आ चुकी है तो फिर समय रहते इस तरह की रणनीति बनानी होगी ताकि कमजोर मानसून में भी हमारी जल प्रबंधन क्षमता बेहतर रह सके। आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से संबंधित मंत्रालयों खासतौर से कृषि, जल आपूर्ति करने वाले विभागों, बांधों एवं जलाशयों का प्रबंधन करने वाले विभागों, जल संसाधन विभागों से समन्वय बनाकर रणनीति तैयार करनी होगी। इसके साथ ही आमजन को भी पानी के उपयोग को लेकर अधिक सजग और जिम्मेदार नागरिक के रुप में भूमिका निभानी होगी।

# सुपर अल नीनो कई देशों में बिगाड़ेगा मौसम का मिजाज

## कहीं भीषण गर्मी तो कहीं रिकॉर्ड तोड़ ठंड से मचेगा कोहराम



**नई दिल्ली।** 2026 के आखिरी में एल नीनो के सक्रिय होने से दुनिया भर के मौसम में बड़े बदलाव आने वाले हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि होने की संभावना है, जबकि कुछ क्षेत्रों में सूखा और कुछ में भारी बारिश देखने को मिल सकती है। वैश्विक तापमान बढ़ सकता है। इसके बजाय, यूनाइटेड किंगडम में सर्दियों के महीनों में ज्यादा ठंड पड़ सकती है। अलग–अलग इलाकों में इसके असर अलग–अलग होंगे, लेकिन कुल मिलाकर तापमान बढ़ने का ही संभावना है। ऑस्ट्रेलिया की मौसम एजेंसी के अनुसार, वर्तमान में चल रही ठंडी ला नीना की अवस्था अब समाप्त होने जा रही है। इससे प्रशांत महासागर में तापमान सामान्य स्तर पर पहुंचने और आगे चलकर गर्म एल नीनो चरण में बदलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी मौसम का अनुमान है कि 2026 के मध्य से एल नीनो शुरू होने की करीब 66 प्रतिशत संभावना है, जो वर्ष के अंत तक जारी रह सकती है। एल नीनो के सक्रिय होने से वैश्विक औसत तापमान में लगभग 0.2 डिग्री सेल्सियस की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है। यदि प्रशांत महासागर का तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया तो यह मजबूत एल नीनो माना जाएगा। वर्ष के अंत में इस मजबूत चरण की संभावना करीब 33 प्रतिशत बताई जा रही है। पिछली बार 2015–16 में आए शक्तिशाली एल नीनो ने पृथ्वी के तापमान को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया था। वैज्ञानिक अब उसी पैटर्न के दोहराए जाने के संकेत दे रहे हैं। एल नीनो के आने पर दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल जाएगा। ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलीपींस में सूखा पड़ने तथा जंगल की आग का खतरा बढ़ सकता है। पेरू और इक्वाडोर जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों में भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति बन सकती है। भारत में मानसून की बारिश कमजोर पड़ने की संभावना है। अमेरिका के गल्फ कोस्ट क्षेत्र में सर्दियों में अधिक नमी और बारिश हो सकती है। यूनाइटेड किंगडम मौसम ऑफिस के अनुसार, प्रशांत महासागर के गर्म होने से ब्रिटेन की सर्दियां सामान्य से अधिक ठंडी हो सकती हैं। हालांकि, इस प्रभाव में देरी हो सकती है और समुद्री तापमान बदलने के काफी समय बाद ही यह दिखाई देगा।

# ईरान गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को देता है प्राथमिकता : अराघची

तेहरान, (वार्ता)



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश पर थोपे गए गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थायी अंत की शर्तें उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इनकार नहीं किया। हमारे लिए अहम यह है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थायी अंत किन शर्तों पर होगा। श्री अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने अमेरिका–ईरान वार्ता की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार भी जताया। उच्चस्तरीय राजनीतिक–सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे श्री मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। श्री अराघची ने एक्स पर पोस्ट में कहा, संवाद की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार व्यक्त किया, जो हमारे गहरे द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत और साझा है। अमेरिका का संदेश लेकर पाकिस्तान का यह उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल तेहरान में ईरानी अधिकारियों से बातचीत कर रहा है, ताकि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता का नया दौर शुरू किया जा सके और पश्चिम एशिया में लगभग सात सप्ताह से जारी तनाव को कम किया जा सके। सात अप्रैल से लागू दो सप्ताह का अस्थायी युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य अमेरिकी संदेश ईरानी नेतृत्व तक पहुंचाना और वार्ता के अगले दौर की रूपरेखा तैयार करना है। इससे पूर्व, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने पुष्टि की थी कि तेहरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करेगा और अमेरिका तथा ईरान के बीच अप्रत्यक्ष संदेशों का आदान–प्रदान जारी है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने ईरानी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी है और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार होने की बात कही है।

ईरान की सेना ने इस नाकेबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है। बुधवार तक इस नाकेबंदी के कारण नौ जहाजों को वापस लौटाया जा चुका है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांडर अली अब्दोल्लाही ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका नाकेबंदी नहीं हटाता है तो तेहरान लाल सागर, खाड़ी और ओमान सागर के जरिए व्यापार को बाधित करने की कार्रवाई कर सकता है।

## लश्कर-ए-तैयबा के सह-संस्थापक आमिर हमजा पर हमला, हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के संस्थापक सदस्यों में से एक आमिर हमजा को लाहौर में कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी है। उसे फिलहाल एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हमजा ने 1985 और 1986 के बीच आतंकी हाफिज सईद के साथ मिलकर लश्कर की स्थापना की थी। उसका नाम भारत और दुनिया भर में कई आतंकी गतिविधियों से जुड़ा रहा है। सईद के बाद उसे लश्कर का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नेता माना जाता है और अमेरिका ने भी एक आतंकी घोषित किया हुआ है। लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर कुछ अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोलीबारी की। 1959 में जन्मा हमजा एक बड़ा आतंकी है। स्द्भ्ज्ञ के एक शीर्ष विचारक के तौर पर वह एक जोशीले वक्ता और लेखक के रूप में जाना जाता है। एक समय उसने इस आतंकी समूह के आधिकारिक प्रकाशन का संपादन भी किया था। उसने कई किताबें भी लिखीं, जिनमें 2022 में प्रकाशित काफिला दावत और शहादत (प्रचार और शहादत का कारवां) भी शामिल है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग: चीन

बीजिंग, (वार्ता)

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग है। श्री वांग ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और एक तटीय राज्य के रूप में उसके वैध अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इस जलडमरूमध्य से नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा की गारंटी भी दी जानी चाहिए श्री वांग ने कहा, इस जलडमरूमध्य से सामान्य आवागमन फिर से बहाल करने के प्रयास अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से एक सर्वसम्मत आह्वान का प्रतिनिधित्व करते हैं।

श्री वांग ने कहा कि वर्तमान स्थिति युद्ध और शांति के बीच एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीतिक समाधान के लिए अवसर का एक दरवाजा भी खुल रहा है। ईरानी सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक विशेष व्यवस्था परिभाषित करने का आह्वान करते हुए यह तर्क दिया कि यह जलमार्ग तेहरान के लिए एक विशेष संपत्ति है। गौरतलब है कि यह जानकारी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। सरकारी प्रवक्ता फातिमा मोहजेरानी ने रूस की आरआईए नोवोस्ती को बताया, उन सभी संपत्तियों की तरह जो अन्य देशों के साथ बातचीत के प्रकार और उसके नियमन के लिए एक साधन के रूप में काम करती हैं, उसी तरह से इस जलमार्ग के लिए भी एक विशेष व्यवस्था परिभाषित की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में अमेरिका–ईरान वार्ता विफल होने के बाद वाशिंगटन द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी लगाए जाने के कारण होर्मुज के रास्ते होने वाला नौवहन बाधित है। होर्मुज जलडमरूमध्य सामान्यत: वैश्विक समुद्री तेल प्रवाह का एक बड़ा हिस्सा संभालता है लेकिन 28 फरवरी को शुरू हुए ईरान के खिलाफ अमेरिका–इजरायल युद्ध से उत्पन्न नवीनतम ऊर्जा संकट के केंद्र में वह बना हुआ है। तेहरान ने इसके जवाबी कार्रवाई में इजरायल और उन अन्य क्षेत्रीय देशों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने या संपत्तियां मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर ने जैसा कि कहा कि अमेरिकी सेनाओं ने ईरान से और ईरान को होने वाले समुद्री व्यापार को पूरी तरह से रोक दिया है। नाकेबंदी के पहले 48 घंटों के दौरान इस क्षेत्र से कोई भी जहाज नहीं गुजरा है।

कमांड ने बताया कि 10 जहाजों ने ईरानी बंदरगाहों या तटीय जलक्षेत्रों की ओर वापस लौटने के आदेशों का पालन किया है। यह नाकेबंदी ईरान के तटीय क्षेत्रों में प्रवेश करने या वहां से बाहर निकलने वाले सभी देशों के जहाजों पर समान रूप से लागू होती है, जबकि ईरानी बंदरगाहों से दूर रहने वाले जहाजों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है। यह उम्मीद की जा रही है कि इस नाकेबंदी से ईरान की अर्थव्यवस्था पर काफी दबाव पड़ेगा।

# चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियों का जायजा लेने हरिद्वार पहुंचीं नोडल ऑफिसर

हरिद्वार, (वार्ता)

उत्तराखंड में आगामी चारधाम यात्रा 2026 को लेकर तैयारियों का जायजा लेने पुलिस मुख्यालय से नामित नोडल ऑफिसर आईजी प्रोफेशनल एंड मॉडर्नाइजेशन विम्मी सचदेवा रमन गुरुवार को हरिद्वार पहुंचीं। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने सीसीआर भवन में उनका स्वागत किया। नोडल ऑफिसर की अध्यक्षता में सीसीआर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में एसएसपी सिंह, पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपराध/ट्रैफिक निशा यादव, एसपी सिटी अभय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में एसएसपी द्वारा चारधाम यात्रा के मद्देनजर हरिद्वार पुलिस की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक के दौरान आईजी रमन ने यात्रा के लिए तैयार रोडमैप साझा करते हुए पार्किंग स्थलों, यात्रा पड़ावों, हॉल्टिंग प्वाइंट्स और रजिस्ट्रेशन केंद्रों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा अवधि में यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक के उपरांत नोडल ऑफिसर ने विभिन्न पार्किंग स्थलों, हॉल्टिंग एरिया और रजिस्ट्रेशन केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर ही आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# दिल्ली के चार आईटीआई में नयी अत्याधुनिक लैब्स स्थापित होगी

नयी दिल्ली, (वार्ता)

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से चार आईटीआई में नयी अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएंगी। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिकल और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स के संचालन, खराबी की पहचान और रखरखाव का व्यापक व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। यह पहल संस्थान को पावर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक आधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने के साथ–साथ प्रशिक्षण को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाएगी और प्रशिक्षुओं की तकनीकी दक्षता एवं रोजगार क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगी।



उन्होंने कहा कि आईटीआई जेल रोड (हरि नगर) में वेल्डर लैब का व्यापक आधुनिकीकरण किया जाएगा। इस लैब में उन्नत वेल्डिंग मशीनें, सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण सुविधाएं और आधुनिक फैब्रिकेशन टूल्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक औद्योगिक वेल्डिंग प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। आईटीआई अरब की सराय (निजामुद्दीन) में ऑटोमोटिव सेक्टर की लैब्स को आधुनिक तकनीकों के साथ अपग्रेड किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यहां उच्च स्तरीय वर्चुअल रियलिटी (वीआर) सिमुलेटर के माध्यम से ड्राइविंग, वेल्डिंग और पेंटिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे प्रशिक्षुओं को सुरक्षित और यथार्थपरक वातावरण में जटिल कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। साथ ही एबीएस एयरबैग सिस्टम जैसी उन्नत वाहन तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल स्थापित किए जाएंगे। आईटीआई एचजेबी मयूर विहार में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) लैब स्थापित की जाएगी, जो ग्रीन ट्रांसपोर्ट और भविष्य की ऑटोमोबाइल तकनीकों पर केंद्रित होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस लैब में बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस), इलेक्ट्रिक मोटर्स और ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी तकनीकी खराबियों की जांच प्रणाली और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों की असेंबली, परीक्षण, डायग्नोसिस और मरम्मत का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। दिल्ली सरकार की यह पहल युवाओं को रोजगारपरक और उद्योगोन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इन आधुनिक लैब्स के माध्यम से प्रशिक्षु न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनेंगे, बल्कि उन्हें उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली का अनुभव भी मिलेगा, जिससे उनके लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

# पाक ने पीओके में सक्रिय किए 70 आतंकी लॉन्चपैड, भारतीय सीमा में 800 आतंकियों की घुसपैठ की तैयारी

नई दिल्ली



पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ और उसकी सेना ने एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास करीब 70 आतंकी लॉन्चपैड सक्रिय कर दिए हैं, जहां लगभग 800 आतंकियों को घुसपैठ के लिए तैयार रखा गया है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इन आतंकियों को छोटे–छोटे समूहों में बांटकर जम्मू–कश्मीर में एक साथ कई स्थानों से घुसपैठ कराने की योजना है, ताकि भारतीय सुरक्षा बलों पर दबाव बनाया जा सके। हर समूह में 10 से 15 प्रशिक्षित और हथियारबंद आतंकी शामिल हो सकते हैं, जिनका मकसद घाटी में बड़े हमलों को अंजाम देना है।

बताया जा रहा है कि हाल के महीनों में भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कई घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के बाद पाकिस्तान ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। अब वह समन्वित और बहु–दिशात्मक घुसपैठ की योजना पर काम कर रहा है, जिससे कुछ आतंकी किसी भी हाल में भारतीय सीमा में प्रवेश कर सकें। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, का फायदा मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और भारत में चल रही राजनीतिक गतिविधियों का फायदा उठाकर इस साजिश को अंजाम देना चाहता है। विशेष रूप से लाइन आफ कंट्रोल के पास गतिविधियां तेज की गई हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि में भक्ति के माहौल में लॉन्च हुआ कृष्णावतारम का भव्य ट्रेलर

भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य गाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाली फिल्म कृष्णावतारम का ट्रेलर एक भव्य और आध्यात्मिक माहौल में लॉन्च किया गया, जिसने इसे सिर्फ एक फिल्मी इवेंट ही नहीं, बल्कि आस्था का उत्सव भी बना दिया। यह ऐतिहासिक क्षण श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, मथुरा में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दर्ज किया गया, जहाँ हर ओर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। ट्रेलर लॉन्च के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने इस आयोजन को एक सामूहिक आध्यात्मिक अनुभव में बदल दिया। यह अनूठा अनावरण केवल एक स्थान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वृंदावन और मथुरा के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों, जैसे रमन रेती मंदिर, राधा रानी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन वृंदावन तक विस्तारित किया गया। इस तरह कृष्णावतारम का ट्रेलर लॉन्च एक मल्टी–लोकेशन भक्ति आंदोलन का रूप लेता नजर आया। फिल्म को केवल एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं, बल्कि भक्ति और दिव्य प्रेम की एक सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। ट्रेलर में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की झलक को भव्यता और सौंदर्य के साथ दिखाया गया है, जो दर्शकों को एक आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाने का वादा करता है। इसकी सिनेमैटोग्राफी, संगीत और विजुअल्स मिलकर एक ऐसा अनुभव रचते हैं, जो दर्शकों के मन को गहराई से छू सकता है। फिल्म की कहानी प्रसिद्ध लेखक प्रकाश कपाड़िया और राम मोरी ने लिखी है, जबकि सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी अयानंका बोस ने संभाली है। संगीत प्रसाद एस ने दिया है, वहीं प्रोडक्शन डिजाइन चोक्कस भारद्वाज का है। कॉस्ट्यूम डिजाइन निधि यशा ने तैयार किए हैं और गीतों के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जो फिल्म की भावनात्मक गहराई को और मजबूत बनाते हैं। निर्देशक हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी कृष्णावतारम को क्रिएटिवलैंड स्टूडियोज एंटरटेनमेंट के साजन राज कुरुप और शोभा संत ने प्रस्तुत और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही अथश्रीकथा मोशन पिक्चर्स के पूनम श्रॉफ और पार्थ गज्जर भी इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। फिल्म का वैश्विक वितरण एए फिल्म्स द्वारा किया जाएगा, जबकि इसका संगीत सारेगामा के जरिए रिलीज़ किया जाएगा।तीन भागों में बनने वाली इस महत्वाकांक्षी फ्रेंचाइजी का पहला अध्याय सात मई, 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगा।




# टाइम मैगजीन की 100 की सबसे प्रभावशाली लिस्ट में रणबीर कपूर को मिली जगह



रणबीर कपूर को टाइम मैगजीन की 100 की सबसे प्रभावशाली लिस्ट में जगह मिली है। रणबीर कपूर समय के साथ, भारत के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बनकर उभरे हैं। अपनी कलात्मक सोच, बड़े पर्दे पर अपनी धाक और रामायणम् और लव एंड वॉर जैसी महागाथाओं के साथ, वह भारतीय सिनेमा को एक ग्लोबल स्टेज पर ले जा रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी और नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज, आठ बार के ऑस्कर विजेता डीएनइजी और यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के सहयोग से बनी फिल्म रामायणम्, भारत के सबसे महत्वाकांक्षी सिनेमाई प्रोजेक्ट्स में से एक के रूप में उभर रही है, जिसे सही मायनों में ग्लोबल लेवल पर तैयार किया गया है। फिल्म को लेकर बढ़ती उत्सुकता के बीच, रणबीर कपूर के राम वाले लुक की झलक ने इस भव्य और जादुई दुनिया का पहला दीदार कराया है, जो किसी सिनेमाई चमत्कार से कम नहीं है। जहाँ यह फिल्म ग्लोबल सिनेमा को भारत का जवाब मानी जा रही है, वहीं इसने रणबीर कपूर को टाइम मैगजीन की 2026 के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में जगह दिलाने में भी मदद की है। रणबीर कपूर बेशक भारत के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं और धीरे–धीरे ग्लोबल लेवल पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस, इमोशनल गहराई और बेहतरीन परफॉरमेंस के दम पर उन्होंने टाइम मैगजीन की 2026 के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है। यह सम्मान एक अभिनेता के रूप में उनकी उस विरासत का सबूत है, जो रामायणम् के जरिए भारत को वैश्विक मंच पर ले जा रहे हैं। इस फिल्म में, जो भारत के महाकाव्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश करती है, रणबीर भगवान राम की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# पुष्पा इम्पॉसिबल कलाकारों ने करुणा पांडे और मुस्कान बामने के रिश्ते पर विचार साझा किए

सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल के कलाकारों ने करुणा पांडे और मुस्कान बामने के रिश्ते पर अपने विचार प्रशंसकों के साथ साझा किए हैं। इस शो में रिश्तों की मजबूती और बदलते समीकरणों को दिखाया जाता है, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाला ट्रैक है पुष्पा (करुणा पांडे) और शनाया (मुस्कान बामने) के बीच का टकराव। ऑन–स्क्रीन उनकी टकराहट तीखी, भावनात्मक और टकराव से भरी होती है, लेकिन असल जिंदगी में उनकी बॉन्डिंग बिल्कुल उलट है। ऑफ–स्क्रीन करुणा पांडे और मुस्कान बामने के बीच बेहद सहज और गर्मजोशी भरा रिश्ता है, जो आपसी सम्मान और आराम पर टिका है। यही मजबूत जुड़ाव उन्हें एक–दूसरे को बेहतर समझने में मदद करता है और उनके अभिनय को और भी असली और असरदार बनाता है।उनके को–एक्टर्स भी इस डायनामिक पर रोशनी डालते हैं और बताते हैं कि कैसे दोनों सहजता से दोस्ताना माहौल से गहन और तीव्र दृश्यों में बदल जाते हैं।इस शो में अश्विन का किरदार निभा समरिध बावा ने कहा,सच कहूँ तो करुणा मैम और मुस्कान को देखना वाकई कमाल होता है। ऑफ–स्क्रीन वे इतनी गर्मजोशी और दोस्ताना अंदाज़ में रहती हैं, और जैसे ही कैमरा रोल होता है, तुरंत उस टेंशन को पूरी तरह जी लेती हैं। सीन शुरू होने से ठीक पहले वे हँसते–बोलते रहते हैं, और कैमरा ऑन होते ही माहौल बदल जाता है। मुझे याद है एक इंटेंस सीन के दौरान हम सब टेक्स के बीच मजाक कर रहे थे, और कुछ ही सेकंड बाद उन्होंने इतना दमदार सीन दिया कि साफ दिखता है कि दोनों का अभिनय पर कितना मज़बूत कमांड है। शो में राशी का किरदार निभा रही अक्षया हिंदालकर ने बताया, ऑफ–स्क्रीन करुणा मैम और मुस्कान के बीच बहुत सहजता और पॉज़िटिविटी है। करुणा मैम हमेशा बहुत प्रोत्साहित करती हैं और मुस्कान के साथ उनका रिश्ता बहुत नैचुरल है। मैंने कई बार देखा है कि करुणा मैम शूट से पहले उन्हें शांत तरीके से गाइड करती हैं या सीन पर चर्चा करती हैं। लेकिन ऑन–स्क्रीन वही रिश्ता बेहद तीव्र और परतदार हो जाता है, जो उनके डायनामिक को देखने लायक और भी दिलचस्प बना देता है।शो में चिराग का किरदार निभा रहे नितिन बाबू ने बताया,ऑफ–स्क्रीन और ऑन–स्क्रीन के बीच का कॉन्ट्रास्ट ही उनके सीन को खास बनाता है। दोनों के बीच बहुत आपसी सम्मान है और साफ दिखता है कि वे एक–दूसरे पर एक्टर्स के तौर पर भरोसा करते हैं। लंबे शूटिंग घंटे हों या लगातार इमोशनल सीन, दोनों बेहद फोकस्ड और सपोर्टिव रहते हैं। यही वजह है कि सबसे तीखे सीन भी कभी बनावटी नहीं लगते, बल्कि बहुत नैचुरल और दमदार दिखाई देते हैं।



# कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित : नरसिंहपुर जिला प्रदेश में तीसरा, संभाग में प्रथम

### कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने छात्र-छात्राओं को दी बधाई और शुभकामनाएं

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश के द्वारा संचालित हाई स्कूल/ हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। जिले में हाई स्कूल (कक्षा 10 वीं) का परीक्षा परिणाम 91.21 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी स्कूल (कक्षा 12 वीं) का परीक्षा परिणाम 92.62 प्रतिशत रहा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं विद्यालय के प्राचार्यों की भी प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा, डाइट प्राचार्य श्री राजीव किशोर श्रीवास्तव, बीईओ श्री ब्रजेश शर्मा सहित संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा ने बताया कि जिले में सत्र 2026 में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 91.21 प्रतिशत है। जिले ने प्रदेश में तीसरा और संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल परीक्षा में जिले के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 92.62 प्रतिशत रहा। जिले ने 12 वो की परीक्षा में प्रदेश में तीसरा और संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही हायर सेकेंडरी परीक्षा में जिले के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।




उन्होंने बताया कि कक्षा 10 वीं में 13087 दर्ज परीक्षार्थियों में से 13040 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में 9494 परीक्षार्थी उत्तीर्ण होकर प्रथम श्रेणी में शामिल हैं, जिसमें 4215 बालक व 5279 बालिकाएं शामिल हैं।

इसी तरह 1472 बालक व 899 बालिका इस तरह कुल 2371 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 23 बालक व 6 बालिकाएं इस तरह कुल 29 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में शामिल हैं। इस तरह 88.44 प्रतिशत बालक और 93.92 प्रतिशत बालिकाओं सहित कुल 91.21 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जिले के सरस्वती उ.मा.वि. गोटेगांव के छात्र गौरवपुरी गोस्वामी ने 494 अंक अर्जित कर छटवां, शासकीय हाई स्कूल काशीखैरी की छात्रा अंशिका लोधी ने 492 व शासकीय उ.मा.वि. सूखाखैरी के छात्र कृष्णा कौरव ने 492 अंक अर्जित कर आठवां, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा कु. शिल्पा पटेल ने 490 और सर्वोदय उ.मा.वि. तेंदूखेड़ा की छात्रा प्रांजल सोनी ने 490 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12 वीं में 11110 दर्ज परीक्षार्थियों में से 11092 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में 8267 परीक्षार्थी उत्तीर्ण होकर प्रथम श्रेणी में शामिल हैं, जिसमें 3430 बालक व 4837 बालिकाएं शामिल हैं।

इसी तरह 1300 बालक व 688 बालिका इस तरह कुल 1988 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 16 बालक व 2 बालिकाएं इस तरह कुल 18 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में शामिल हैं। इस तरह 90.83 प्रतिशत बालक और 94.28 प्रतिशत बालिकाओं सहित कुल 92.62 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जिले के वि.पी. सांईखेड़ा के छात्र ने 485 ने अंक अर्जित कर आठवां और शास.एस.डी.क.उ.मा.वि. नरसिंहपुर की छात्रा माही साहू ने 482 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में गौरव कोरी का शानदार प्रदर्शन



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर के होनहार छात्र गौरव कोरी ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हासिल करते हुए अपने परिवार और जिले के नाम को गौरान्वित किया। गौरव की इस सफलता पर परिवारजनों, गुरुजनों, मित्रों एवं जिलेवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरव कोरी मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नरसिंहपुर जिला ईकाई के जिलाध्यक्ष बालमुकुंद विनोद कोरी पत्रकार के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि जिले में खुशी का माहौल है। गौरव की मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिश्रम से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## भाजपा की विशेष बैठक में जनसमस्याओं के समाधान पर मंथन, त्वरित निराकरण के निर्देश

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जनसमस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय, नरसिंहपुर में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामस्नेही पाठक एवं गोटेगांव महेन्द्र नागेश ने उपस्थित जनों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विषयों पर अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।इस दौरान नागरिकों ने विभिन्न समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत कीं, जिनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पार्टी पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।यह बैठक आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हुई, जिससे लोगों को अपनी बात सीधे रखने का अवसर मिला।बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव, जिला मंत्री अभिजीत महाजन, जिला कार्यालय मंत्री सुदर्शन वैद्य, विनोद श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष भगवत पटैल, रामनारायण पटैल, नीलेश शर्मा, सीमांत राजपूत सहित पार्टी कार्यकर्तागण एवं आमजन उपस्थित रहे।




## प्रदेश की टीम में जिले की बेटी का चयन



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** नरसिंहपुर की बेटी काव्या पटेल जाट को 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट 17 वर्ष बालिका प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता एस.जी.एफ.आई. (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा 29 अप्रैल से 3 मई तक रोहतक हरियाणा के रोहतक जिले में आयोजित है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले मध्यप्रदेश शालेय दल का प्री नेशनल कोचिंग कैंप 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक रायसेन जिले में आयोजित है। काव्या इससे पहले भी अंडर-15 वर्ग में प्रदेश का प्रतिनिधितत्व कर चुकी हैं एवं पिछले तीन साल से लगतार भोपाल अंडर-18 वर्ग में भोपाल डिवीज़न में टीम में शामिल हैं । काव्या अपनी प्रैक्टिस भोपाल के भोपाल लेपर्ड्स क्रिकेट अकादमी में करती हैं । लगातार जिले का नाम रोशन करने वाली काव्या पटेल मूलतः नरसिंहपुर निवासी जिला सैन्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लालसाहब जाट की पोती एवं डॉ मनोज पटेल जाट की सुपुत्री हैं। अभी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

## बेटी तनु प्रिया रजक बनीं मिस ग्रैंड मध्य प्रदेश



### अब राष्ट्रीय मंच पर करेंगी प्रतिनिधित्व

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर की होनहार बेटी तनु प्रिया रजक ने मिस ग्रैंड मप्र 2026 का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। प्रसिद्ध चंचल रजक पहलवान की सुपुत्री तनु प्रिया अब मिस ग्रैंड इंडिया प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए तनु प्रिया ने इसे अपने और परिवार के सपनों की जीत बताया। उन्होंने अपने पिता, बड़े पापा, चाचा और पूरे परिवार के सहयोग को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया।

तनु प्रिया ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल राष्ट्रीय स्तर पर खिताब जीतना ही नहीं, बल्कि जिले की अन्य प्रतिभाशाली बेटियों को भी बड़े मंच तक पहुंचाने में सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि मिस मध्य प्रदेश सुपर मॉडल नरसिंहपुर टीम के माध्यम से छोटे शहरों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अब पूरे जिले की निगाहें राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां तनु प्रिया एक नया इतिहास रचने की तैयारी में हैं।



## संभागीय बेडमिंटन में नरसिंहपुर रहा विजेता

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस सिवनी में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की 12 वीं संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिला 50 वर्ष से अधिक तथा 50 वर्ष से कम दोनों श्रेणी में विजेता रहा। 50 वर्ष से अधिक की टीम में अम्बरीष शर्मा ,प्रतुल इन्दुरख्या एवं विक्रम शर्मा ने तथा अंडर फिफ्टी टीम में मुदित कौरव ,विवेक मिश्रा एवं अनुज जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को विजय दिलाई। इसी तरह महिला वर्ग से श्रीमती भावना विश्वकर्मा,मंजरी उपाध्याय एवं गुंजेश्वरी लखेरा ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर डॉ अनिल कुशवाहा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी नरसिंहपुर ने जिले को मिली इस सफलता पर खुशी जताई है। राज्य स्तर की प्रतियोगिता में अम्बरीष शर्मा ,मुदित कौरव एवं प्रतुल इन्दुरख्या को जबलपुर संभाग की टीम से प्रतिनिधित्व के लिए चयन किया गया है, राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 1 मई 2026 को छतरपुर में आयोजित होगी ।

## सांगई के स्कूल में पूजा केवट का किया सम्मान

### बिटिया के जज्बे को विद्यार्थियों के लिए बताया अनुकरणीय

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम मे ग्राम सांगई की बेटी पूजा केवट ने गाडरवारा के शासकीय कन्या उ मा विद्यालय से 12 वी में कला संकाय मे अध्ययन करते हुए जिले में प्रथम स्थान हासिल किया।

पूजा की इस उपलब्धि से समूचे गाँव में खुशी का माहौल व्याप्त है। विदित हो कि पूजा के पिता कमलेश केवट मिस्त्री का कार्य करते है उनकी 4 बेटियां है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बेटी को पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गुरुवार को बिटिया पूजा की उल्लेखनीय उपलब्धि पर ग्राम में उसकी पूर्व संस्था एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सांगई के समस्त शिक्षकों ने ट्राफी देकर सम्मान किया।



इस अवसर पर शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि बेटी पूजा ने इसी स्कूल से पहली से आठवीं तक पढ़ाई की है यहाँ भी वह प्रत्येक क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त करती थी। बेटी को बोर्ड परीक्षा मे मिली उल्लेखनीय सफलता से हम सभी प्रसन्न है। इस अवसर पर प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव,राजेश कौरव,देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट एवं कमलेश केवट आदि उपस्थित रहे



## महाविद्यालय में सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**करेली।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विक्रमादित्य के स्वर्णिम शासनकाल, न्याय प्रणाली, पराक्रम को याद किया एवं उनके नो रत्नों के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयोजक एवं महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ ए के वाजपेयी ने कहा कि विक्रमादित्य न्यायप्रिय राजा के साथ साथ उनके न्याय की मिशाल आज भी दी जाती है। वह एक आदर्श राजा के रूप में भारतीय संस्कृति में अमर है। वेताल पच्चीसी और सिंहासन बत्तीसी में उनके साहस और बुद्धिमत्ता के अनेक उदाहरण मिलते है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रदीप दुबे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**करेली।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालय करेली में कक्षा 10वीं में दर्ज 112 विधार्थियों में 111 विधार्थी उत्तीर्ण रहे। जिसमें 100 विधार्थियों ने प्रथम स्थान एवं 11 विधार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं का कुल 99.10 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं शाला में प्रथम स्थान प्रियंका मेहरा 95.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान खेमचंद कुशवाहा 95.6 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कृष्णकांत कुशवाहा 93.6 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में समस्त संकायों में दर्ज 108 विधार्थियों में 106 विधार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.14 प्रशित रहा। कक्षा 12वीं में कला संकाय में दर्ज 34 विधार्थियों में 34 विधार्थी उत्तीर्ण रहे। 12वीं कला संकाय में प्रथम स्थान शिवानी विश्वकर्मा 89.20 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अभय रजक 85.40 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान देव पटेल 82.60 प्रतिशत रहा। 12वीं वाणिज्य में दर्ज 32 विधार्थियों में 32 विधार्थी उत्तीर्ण रहे। 12वीं वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान विवेक जाटव 94.00 प्रतिशत, द्वितीय स्थान मो.जुनेद खान 86.80 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान राजेश्वरी साहू 86.20 प्रतिशत रहा। 12वी विज्ञान अंग्रेजी माध्यम में दर्ज 14 विधार्थियों में 12 विधार्थी उत्तीर्ण रहे। 12वीं विज्ञान हिंदी माध्यम में दर्ज 28 विधार्थियों में 28 विधार्थी उत्तीर्ण रहे। 12वीं विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान कृष्णा गुप्ता 94.20 प्रतिशत, द्वितीय स्थान देवांश साहू 93.60 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान शिवम जाटव 89.90 प्रतिशत रहा। शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा ने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं समस्त छात्र/छात्राओं को अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं।


### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 55 अ-20(1) सन् 2026-27**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/28 | 960 वर्गफुट | आलोक जैन आ. डालचंद जैन निवासी आनंद नगर कालोनी रामवार्ड कंदेली | आलोक जैन आ. डालचंद जैन निवासी आनंद नगर कालोनी रामवार्ड कंदेली |

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 02 अ-20(1) सन् 2026-27**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/113<br>5/2<br>6/2 | 510 वर्गफुट<br>1116 वर्गफुट | पीयूष दुबे आ. सुदर्शन लाल दुबे सा. रामवार्ड कंदेली | पीयूष दुबे आ. सुदर्शन लाल दुबे सा. रामवार्ड कंदेली |

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 01 अ-20(1) सन् 2026-27**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/227<br>5/6<br>6/3<br>5/7<br>6/4<br>5/8<br>6/5 | 630 वर्गफुट<br>653 वर्गफुट<br>155 वर्गफुट<br>300 वर्गफुट<br>1738 वर्ग. | मनीष दुबे आ. सुदर्शन लाल दुबे सा. रामवार्ड कंदेली | मनीष दुबे आ. सुदर्शन लाल दुबे सा. रामवार्ड कंदेली |

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 90 अ-20(1) सन् 2026-27**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 5/3 | 192 वर्गफुट | सतीश दुबे आ. शिवनारायण दुबे निवासी मुशरान वार्ड कंदेली | सतीश दुबे आ. शिवनारायण दुबे निवासी मुशरान वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 24 अ-20(1) सन् 2026-27**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/136 | 1040 वर्गफुट | उमेश दुबे आ. शिवनारायण दुबे सा. रामवार्ड कंदेली | उमेश दुबे आ. शिवनारायण दुबे सा. रामवार्ड कंदेली |

आज दिनांक 09/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 56 अ-20(1) सन् 2026-27**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/16 | 950 वर्गफुट | कैलाशचद, द्वारकाप्रसाद, प्रकाश उर्फ चंद्रप्रकाश, रामजी भाई, श्रीमति चंद्रा बाई, श्रीमति रेखाबाई, श्रीमति शशि पिस. फूलचंद सोनी सा. कंदेली | कैलाशचद, द्वारकाप्रसाद, प्रकाश उर्फ चंद्रप्रकाश, रामजी भाई, श्रीमति चंद्रा बाई, श्रीमति रेखाबाई, श्रीमति शशि पिस. फूलचंद सोनी सा. कंदेली |

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

# बड़वारा के बसाड़ी में युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी

## शरीर पर चोट के निशानय हत्या की आशंका

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत बसाड़ी ग्राम में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। युवक के शरीर पर चोट के निशान मिलने के कारण परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। सूत्रों से मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घटना के पीछे अवैध पैकारी के पास हुई मारपीट को मुख्य कारण माना जा रहा है। चर्चा है कि युवक के साथ वहां मौजूद कुछ लोगों का विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी जान चली गई। हालांकि, इस संबंध में अभी तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस की टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्रित किए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास करते हुए समझाने की कोशिश की है।



### पीएम के लिए भेजा गया शव

पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। युवक की मौत और क्षेत्र में व्याप्त अवैध गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# आहना की पहल पर बस स्टैंड में लगा प्याऊ

## जायंट्स ग्रुप आहना ने बस स्टैंड में किया नि:शुल्क पेय जल सेवा का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)

गर्मी के इस भीषण दौड़ पर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए सार्वजनिक स्थल पर निशुल्क जल सेवा प्याऊ लगवाने की पहल समाजसेवियों द्वारा की गई। जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना ने शहर के मध्य और भीड़भाड़ वाले स्थल बस स्टैंड के पास प्याऊ लगवा कर सेवा का परिचय दिया। शहर की सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके बस स्टैंड में प्याऊ लगाने का कार्य आहना ग्रुप की समाज सेविकाओं द्वारा सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है की भावना से किया गया। आहना ग्रुप की समाज सेविकाओं का मानना है कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। और यह पुण्य का कार्य पौराणिक काल से चला रहा है। हर साल गर्मी के मौसम में मिट्टी के मटको में शुद्ध और ठंडे जल की व्यवस्था कर राहगीरों की पीने के पानी की समस्या को दूर किया जाता है। ताकि किसी भी प्यास मनुष्य को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर ना होना पड़े। आहना ग्रुप की समाज सेविकाओं का कहना है कि वह स्वयं जाकर हर दिन स्वच्छ और ठंडे पानी की व्यवस्था करेंगी। मटको की सफाई और ढक्कन का भी ध्यान दिया जाएगा। इस नेक कार्य में सहयोग करने के लिए जॉइंट्स फेडरेशन ग्रुप से दीपिका शर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, सुषमा गोस्वामी, दीपाली गुप्ता आहना की अध्यक्ष वाणी गट्टाणी, निशा तिवारी, कविता लालवानी, उपाध्यक्ष स्वाति नायक और वंदना गट्टानी, उपसचिव उपासना बजाज, शालिनी बजाज, उपकोष अध्यक्ष रश्मि गट्टाणी, सिमरन महेश्वरी भव्या जसूजा, स्मिता सोमानी, रेणुका गोयनका, प्रीति बिलिया, रश्मि राय और सोनिया चौरसिया शामिल रही।






# नालंदा विद्यालय झिंझरी का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

कटनी (स्वतंत्रमत)

नालंदा उच्च माध्य विद्यालय, महाराणा प्रताप वार्ड झिंझरी के छात्र-छात्राओं का हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन। हाईस्कूल परीक्षा में अंकित तिवारी 95 प्रतिशत ने प्रथम, अंजना पटेल 88 प्रतिशत ने द्वितीय एवं सुधांशु त्रिपाठी, अरायना हिरानी 87 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है जिनके मार्गदर्शन से यह संभव हो सका। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्या लता गुप्ता एवं स्कूल प्रबंधन ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।

## साहित्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शुक्रवार 17 अप्रैल की शाम कटनी के काव्य और साहित्य जगत के लिए यादगार बनने जा रही है। होटल अरिंदम के कांफ्रेस हॉल में जन परिषद के तत्वाधान में साहित्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन शाम 4 बजे से किया गया है। जिसमे देश के नामी कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि सुरेश सोनी (ऋतुराज) की काव्य कृति अनुभूति का विमोचन होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रो. राजेश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। अध्यक्षता विधायक संदीप जायसवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर प्रीति संजीव सूरी की मौजूदगी रहेगी। अन्य अतिथियों के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव भोपाल, मिसेज यूनिवर्स टाइटेनिक ब्यूटी डॉ प्रगति सेठ, कविता जगत के सशक्त हस्ताक्षर मनोहर मनोज, जनपरिषद के प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव भोपाल, कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की उपस्थिति रहेगी।

# प्रशासन सख्तः भूसा बाहर ले जाने पर कार्रवाई, बहोरीबंद में ट्रैक्टर जब्त

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा पशुचारा, पैरा, गेहूँ का भूसा आदि के जिले की सीमा के बाहर निर्यात पर लगाये गये प्रतिबंध के उल्लंघन पर बुधवार को बहोरीबंद थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। कलेक्टर की अनुज्ञा पत्र के बिना अवैध रूप से नियमों का उल्लंघन कर पशुचारा का अन्य जिले, जबलपुर के लिये परिवहन करना पाये जाने पर ग्राम कोटवार महेश मेहरा ग्राम पटना रोड के द्वारा पुलिस थाना बहोरीबंद में गेहूँ भूसा के नियम विरूद्ध परिवहन के संबंध में प्रथम सूचना दर्ज करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें उल्लेखित किया गया कि बुधवार की दोपहर ट्रैक्टर चालक संतोष पिता कुंजीलाल चौधरी उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम सिंदुरसी ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 20-एए-7862 में अवैध रूप से पशु चारा का परिवहन कर अन्य जिले में ले जाना पाया गया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि गेहूँ भूसा सिहुड़ी निवासी अशोक पटेल के खेत से भरकर परियट जगदंबा कांटा जबलपुर ले जा रहा हूँ। ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर मालिक का नाम खेत सिंह पटेल निवासी कंदराखेड़ा जिला जबलपुर बताया। इस का पंचनामा बनाकर ग्राम पटना के हल्का पटवारी इंदु बानवानी के द्वारा प्रकरण तैयार कर तहसीलदार बहोरीबंद को अवगत कराया गया। इसके बाद ट्रैक्टर चालक द्वारा भूसा के जिले के बाहर ले जाने पर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश किए जाने के बाद भी जारी आदेश की अवहेलना के आधार पर पुलिस थाना बहोरीबंद में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाना में खड़ा कराया गया है।



# लैब की सौगात, छात्राओं को मिली साइकिल



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विधायक संदीप प्रसाद जायसवाल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड कटनी में रोबोटिक एवं लैब का लोकार्पण किया गया। एवं विकासखंड स्तरीय छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। विद्यालय में स्वीकृत भौतिकी रसायन एवं जीव विज्ञान की लैब के संबंध में जानकारी ली गई एवं निकट भविष्य में विद्यालय को सर्वसुविधा युक्त बनाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद बीना बैनर्जी, पूर्व पार्षद अनिल खरे, छात्र छात्राओं के परिजन, कटनी बीआरसी, जनशिक्षक, के साथ शाला परिवार के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रकाश द्विवेदी द्वारा सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया।

# शराब पिलाने एवं बेचने वालों पर कार्यवाही

## निवार चौकी ने दर्ज किया मामला

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया तथा थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी निवार उप निरीक्षक अंजनी मिश्रा द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से शराब पिलाने एवं बेचने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। 15 अप्रैल को चौकी निवार पुलिस टीम द्वारा कस्बा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम घुघरा में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बैठाकर पिलाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर दबिश दी गई। मौके पर पाए गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम एवं पते निम्नानुसार बताए- नरेश बर्मन, पिता रामकेश बर्मन, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम घुघरा, रामकेश बर्मन, पिता स्व. बाबूलाल बर्मन, उम्र 59 वर्ष, निवासी ग्राम घुघरा, शकुन शर्मा, पिता सुरेन्द्र शर्मा, उम्र 52 वर्ष, निवासी जरवाही, रतन आदिवासी, पिता बसौरी आदिवासी, उम्र 37 वर्ष, निवासी ठरका उक्त सभी के विरुद्ध अवैध रूप से शराब पिलाने एवं बेचने के संबंध में विधिसम्मत कार्यवाही कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।




# कलेक्टर ने खेत में उतरकर दिखाई तकनीक की ताकत

## इलेक्ट्रिक रीपर से गेहूं कटाई कर दिया नवाचार का संदेश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के ग्राम टिकरवारा में उस समय एक अलग ही दृश्य देखने को मिला, जब कलेक्टर आशीष तिवारी खुद खेतों में पहुंचे और किसानों के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक रीपर मशीन से गेहूं की फसल की कटाई की। यह पहल केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने का एक प्रेरणादायी प्रयास बन गई। ग्राम टिकरवारा के कृषक मनबोधन पटेल, सुशील पटेल और सुखेंद्र पटेल के खेत में जैसे ही कलेक्टर ने मशीन संभाली, ग्रामीणों की भीड़ उत्सुकता से वहां जुट गई। सभी की निगाहें उस मशीन पर टिक गईं, जो कुछ ही समय में सुनहरी फसल को सलीके से काटती चली जा रही थी। ग्रामीणों ने न सिर्फइस मशीन को देखा, बल्कि उसकी संचालन प्रक्रिया को भी समझा। मशीन की तेज आवाज के बीच लहराती फसल का तेजी से कटना हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। खेत के एक कोने में खड़े बुजुर्ग किसान रामलाल ने मुस्कुराते हुए कहा, पहले इस काम में कई दिन लग जाते थे, अब कुछ घंटों में पूरा हो जाता है। वहीं युवा किसान इस पूरे दृश्य को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए- मानो यह बदलाव की शुरुआत को संजोने का प्रयास हो। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि यंत्र अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्नत उपकरणों के उपयोग से न केवल समय और श्रम की बचत होती है, बल्कि उत्पादन लागत भी कम होती है और आय में वृद्धि होती है। उन्होंने इलेक्ट्रिक रीपर का उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे यह मशीन छोटे और मध्यम किसानों के लिए भी लाभकारी साबित हो सकती है। पटेल भाइयों के चेहरे पर गर्व स्पष्ट झलक रहा था। उनका खेत उस दिन केवल फसल उत्पादन का स्थान नहीं रहा, बल्कि नई सोच और तकनीकी बदलाव का केंद्र बन गया। इस पहल से प्रेरित होकर गांव के अन्य किसान भी आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने के प्रति उत्साहित दिखाई दिए। टिकरवारा का यह दृश्य यह संदेश दे गया कि जब प्रशासन स्वयं खेतों तक पहुंचकर नवाचार को अपनाने की पहल करता है, तो बदलाव की बयार गांव-गांव तक पहुंचती है और खेती एक नई दिशा की ओर अग्रसर होती है।

**टिकरवारा गांव में आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रति बढ़ी जागरूकता**

**किसानों ने उत्साह से सीखी मशीन की कार्यप्रणाली**

# हनुमान मंदिर के सामने शराब दुकान को लेकर बवाल

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर के हृदय स्थल घंटाघर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामने संचालित शराब ठेके को हटाने की मांग अब उग्र होती जा रही है। इस मुद्दे पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बजरंग दल का कहना है कि हनुमान मंदिर एक प्रमुख आस्था का केंद्र है और इसके ठीक सामने शराब की दुकान का होना श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग राजस्व के लालच में धार्मिक स्थलों की मर्यादा को ताक पर रख रहा है। प्रदर्शन के दौरान आबकारी विभाग मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे इस शराब दुकान को स्थानांतरित करने के लिए लंबे समय से ज्ञापन और शिकायतों के माध्यम से मांग कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक ठेका यहाँ से नहीं हट जाता, उनका आंदोलन और तेज होगा। कलेक्ट्रेट पर हंगामे और चक्काजाम की सूचना मिलते ही माधव नगर पुलिस और ट्रैफिक्र पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। पुलिस की मुस्तैदी के कारण कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई, हालांकि चक्काजाम के कारण कुछ देर तक वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बजरंग दल की स्पष्ट मांग है कि घंटाघर जैसे संवेदनशील और धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र से शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगामी दिनों में और भी उग्र प्रदर्शन करेंगे।



# उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई 726वीं सेन जयंती

## मेधावी छात्रों और वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान, भव्य शोभायात्रा ने मोहा शहर का मन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सेन समाज द्वारा शिरोमणि संत सेन जी महाराज की 726वीं जयंती के अवसर पर श्रीवास मंदिर में एक भव्य, आकर्षक एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उत्सव में समाज की एकजुटता, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ गल्ला मंडी से हुआ। आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा कमानिया गेट होते हुए श्रीवास मंदिर पहुँची, जहाँ मार्ग भर में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में विधि-विधान से हवन-पूजन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। वरिष्ठजन सम्मानः समाज के बुजुर्गों का सम्मान कर उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। शिक्षा प्रोत्साहनः कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मानः समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की सफलता में युवा सेन समाज प्रगति संगठन, कटनी के अध्यक्ष शिवम सेन एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। युवाओं के अनुशासन, समर्पण और सक्रियता की सभी उपस्थित जनों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।




# कलेक्टर ने स्व-गणना पोर्टल में ऑनलाईन दर्ज की जानकारी

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरूवार को स्व-गणना पोर्टल पर अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज की। कलेक्टर ने स्व-गणना पोर्टल पर मोबाइल नंबर एवं कैप्चा के माध्यम से पंजीकरण किया। ओटीपी सत्यापन के बाद उन्होंने लॉगिन कर परिवार से संबंधित सभी आवश्यक विवरण डिजिटल रूप से दर्ज किया। जानकारी सबमिट करने के पश्चात उन्हें से प्रारंभ होने वाली 11 अंकों की विशिष्ट स्व-गणना आईडी प्राप्त हुई।

## पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का किया दौरा

**कटनी ।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने बुधवार को बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत रीठी ब्लाक के ग्राम उमरिया पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होकर पार्टी को जमीन स्तर पर मजबूत करने का बात कही।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/02/वाहन विभाग/2026-27 — कटनी, दिनांक 09.04.2026

**बारहवीं निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ट्रेव्हल्स ऐजेंट/गाड़ी मालिकों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण, शर्तें आदि वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_50 0437-1 | 02 नग आटो मैजिक सवारी/लोडर वाहन | 1. 365 दिवस 2. रू. 8,60,000-00 | 1. रू. 2000-00 2. रू. 9000-00 | 25-04-2026 |

नोट - निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

# आईपीएल में आज होगा गुजरात और कोलकाता का मुकाबला

## शाम 7.30 बजे से होगा मैच

**अहमदाबाद।** शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 आईपीएल के 25वें मैच में, शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटन्स की टीम का मुकाबला आजिंक्य रहाणे की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। इस मैच में गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान जीत दर्ज करने का पूरा प्रयास करेगी। टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था पर इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। । टीम के पास अच्छे बल्लेबाज हैं और उसकी गेंदबाजी भी काफी अच्छी है। उसके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छी गेंदबाजी की है। बल्लेबाजी में शुभमन के अलावा टीम के पास जोस बटलर और राहुल तेवतिया जैसे बल्लेबाजों हैं। आंकड़ों की बात करें तो अब तक दोनो के बीच पांच मुकाबे हुए हैं जिसमें से गुजरात ने तीन जबकि केकेआर ने एक मैच जीता है। वहीं एक मैच बेनतीजा रहा।




### केकेआर का प्रदर्शन इस बार बेहद खराब

वहीं दूसरी ओर अपने पांच में से चार मैच हारी केकेआर का प्रदर्शन इस बार बेहद खराब रहा है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी कमजोर है। उसका एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। इसी कारण उसे एक अंक मिला है। ऐसे में कप्तान रहाणे का प्रयास किसी प्रकार टीम को जीत दिलाना रहेगा। केकेआर की टीम का प्रयास गुजरात के खिलाफ मैच जीतकर लय हासिल करना रहेगा। । केकेआर की टीम को इसके लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार करना होगा। हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने से टीम की गेंदबाजी कमजोर है जिसके देखते हुए किसी अच्छे गेंदबाज को शामिल करना होगा। इसके अलावा उसके फार्म से बाहर चल रहे स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसे लगातार असफल हो रहे कैमरुन ग्रीन की जगह पर टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे किसी खिलाड़ी को शामिल करने पर विचार करना होगा। उसके कप्तान को भी ठीक फैसले लेने होंगे। पिछले मैचों में उसके कप्तान के टॉस जीतने के बाद कई गलत फैसलों से भी टीम को नुकसान हुआ है। टीम की गेंदबाजी कितनी लचर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह 220 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर सकी जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 65 रनों से हार गयी जबकि लक्ष्य 200 से भी कम था।

### टीम के बल्लेबाजी क्रम में कमी नजर आती है

टीम के बल्लेबाजी क्रम में कमी नजर आती है। पिछले मैच में सुनील नारायण को पारी की शुरुआत करने के लिए भेजा गया जबकि रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यह दोनों ही बदलाव गलत साबित हुए थे। मनीष पांडे, राहुल त्रिपाठी और सार्थक रंजन जैसे बल्लेबाजों को अभी तक अवसर नहीं मिला है। ऐसे में केकेआर के लिए जीत दर्ज करन काफी कठिन है। उसे बल्लेबाजी, गेंदबाजी सहित सभी क्षेत्रों में सुधार करना होगा।


### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरन ग्रीन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, फिन एलन, दक्ष कामरा, कार्तिक त्यागी, सार्थक रंजन, सौरभ दुबे।

# विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंचे

बेंगलुरु (वार्ता)।




विराट कोहली आईपीएल में रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ 34 गेंदों पर 49 रन बनाए और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चिन्नास्वामी स्टेडियम में 147 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में पहली बार उतरते हुए कोहली ने आरसीबी के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 228 तक पहुंचा दिए। सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 224 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। यह पहली बार था जब आरसीबी ने कोहली को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया। टीम ने पहले गेंदबाज़ी चुनी थी और वह प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं थे। इससे पहले मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ मैच में भी वह मैदान से बाहर रहे थे। कोहली ने बताया कि उस मैच में उनके घुटने में दर्द हुआ था और बुधवार के मैच से पहले भी वह पूरी तरह फिट नहीं थे। रजत पाटीदार बुधवार को एलएसजी के खिलाफ़ 13 गेंदों पर 27 रन बनाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली, क्लासन और पाटीदार के अलावा ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ही ऐसे बल्लेबाज़ हैं जिनके इस सीज़न में 200 से ज़्यादा रन हैं।

### पर्पल कैप लीडरबोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज़ अंशुल कम्बोज और गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 10 विकेट के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और एलएसजी के तेज़ गेंदबाज़ प्रिंस यादव 9 विकेट के साथ उनके पीछे हैं। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या हैं, जिनके नाम पांच मैचों में सात-सात विकेट हैं। क्रुणाल इस सीज़न में टॉप दस विकेट लेने वालों में इकलौते फिंगर स्पिनर हैं।

# धीरेन पटेल और अर्जुन सिंह ने यूएस ओपन पिकलबॉल में भारत के लिए दो और गोल्ड जीते



फ्लोरिडा (वार्ता)।

अर्जुन सिंह ने यूएस ओपन में एश्टन पैटरसन को सीधे सेटों में 13-11, 11-6 से हराकर मेन्स सिंगल्स 5.0 जीतकर अपनी झोली में एक और गोल्ड मेडल डाला। अनुभवी खिलाड़ी, धीरेन पटेल ने 40 प्रो मेन्स सिंगल्स कैटेगरी में भारत के कुल मेडल में एक और यूएस ओपन गोल्ड मेडल जोड़ा। इससे नेपल्स, फ्लोरिडा में हुए यूएस ओपन 2026 में भारत के कुल मेडल 3 हो गए हैं। इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने कहा, इस गिनती में और बढ़ोतरी होने से इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन में हम जो सच मानते हैं, वह और पक्का होता है कि भारत एक पावरहाउस है और भविष्य में ग्लोबल रैंकिंग में छा जाएगा। धीरेन और अर्जुन को सिंगल्स जीतने के लिए और आदित्य को डबल्स के लिए बधाई। धीरेन पटेल का खास ज़िक्र, जिन्होंने अपनी कैटेगरी खेलने के साथ-साथ टीम को कोचिंग भी दी है। यह तो बस शुरुआत है और इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन ग्लोबल लेवल पर भारत की अथॉरिटी बनाने के लिए कमिटेड है। फाइनल में जुआन अर्रेया ने धीरेन पटेल को कड़ा संघर्ष कराया, और गोल्ड मेडल बहुत कम अंतर से तय हुआ। धीरेन ने 11-9, 3-11, 11-9 से जीत हासिल की और आखिरकार 40 प्रो मेन्स सिंगल्स चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। इसी कैटेगरी में पहले भी यूएस ओपन जीत चुके धीरेन के अनुभव ने उन्हें कड़े मुकाबले वाले फाइनल में जीत दिलाई। इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन के सपोर्ट से, भारतीय टीम को पहले यूएस ओपन में सीधी एंट्री मिली थी, क्योंकि नेशनल फेडरेशन और यूएस ओपन के बीच सफल पार्टनरशिप थी। यह इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन के लिए दुनिया भर में एक बहुत बड़ा कदम है क्योंकि खिलाड़ी बड़े इवेंट्स के लिए दावेदार के तौर पर अपनी जगह पक्की कर रहे हैं।

# चोट के कारण एकिटिके बाकी सीजन और फुटबॉल विश्वकप से बाहर

**लंदन, (वार्ता)।** फ्रांस के स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके, लिवरपूल के चैंपियंस लीग मैच में पेरिस सेंट-जर्मेन से हार के दौरान एच्लीस टेंडन में चोट लगने के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। एकिटिके पहले हाफ में फिसलने के बाद एनफील्ड के मैदान से स्ट्रेचर पर बाहर निकले। लिवरपूल को डर है कि 23 साल का यह खिलाड़ी लंबे समय तक खेल से बाहर रह सकता है, जिससे वह अगले सीज़न की शुरुआत में भी नहीं खेल पाएगा। बुधवार को उनका स्कैन हुआ, जिसमें गंभीर चोट की पुष्टि हुई हे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जारी एक बयान में लिवरपूल ने उनके ठीक होने की कोई समय-सीमा नहीं बताई। क्लब ने कहा, चोट के स्कैन से बाद में एच्लीस टेंडन फटने की पुष्टि हुई है। इसलिए,




एकिटिके क्लब सीजन के बाकी हफ्तो के लिए खेल से बाहर रहेंगे और इस गर्मी में फ्रांस के साथ होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इस बारे में आगे की जानकारी सही समय पर दी जाएगी। बुधवार रात, फ्रांस के मैनेजर डिडिएर डेसचैम्प्स ने फ्रेंच फुटबॉल फेडरेशन द्वारा जारी एक बयान में कहा कि एकिटिके अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले इस गर्मी के टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

# चोटिल खलील अहमद आईपीएल 2026 से हुए बाहर

चेन्नई,(वार्ता)।

दाई जांघ में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गये हैं। सीएसके की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस चोट को ठीक होने में 12 हफ्तो से अधिक का समय लगेगा। खलील की चोट से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि टीम पहले से ही एमएस धोनी और नाथन एलिस के बिना खेल रही है। धोनी अभी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और उनकी रिकवरी दो सप्ताह से अधिक खिंच चुकी है। हालांकि धोनी टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने पूरी तरह से अभ्यास शुरू नहीं किया है। नाथन एलिस पूरे सीजन से बाहर हैं, जबकि उनके रिप्लेसमेंट स्पेंसर जॉनसन भी चोट से उबर रहे हैं और अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष खलील की जगह लेने के विकल्प हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी सीधे तौर पर उनकी



जगह ले सकते हैं, वहीं घोष दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं। घोष ने 2025-26 घरेलू सीजन में महाराष्ट्र के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने जयपुर में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 42 रन देकर सात विकेट लिए थे। इसी टूर्नामेंट में उन्होंने मुंबई के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 64 रन भी बनाए थे। सीएसके ने अब तक पांच मैचों में दो जीत हासिल की हैं और अब उनका अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ है।

# भारत ने निर्यात का नया रिकॉर्ड बनाया : गोयल



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वर्ष 2025 26 में भारत की कुल निर्यात आय का नयी ऊंचाई पर पहुंचना देश के लिए गर्व की बात है और यह वैश्विक व्यापार में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। मार्च के निर्यात और आयात के आज जारी आधिकारिक आंकड़ों पर अपनी टिप्पणी में श्री गोयल ने कहा,भारत के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 में 860 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात हासिल किया है। श्री गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हासिल की गई यह उपलब्धि देश के लचीलेपन और वैश्विक व्यापार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की बढ़ती ताकत को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपन्न हुए 9 व्यापार समझौते इस गति को और तेज कर रहे हैं, नए बाजार खोल रहे हैं और सभी क्षेत्रों में व्यापक अवसर प्रदान कर रहे हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने और व्यापार एवं निवेशक-अनुकूल वातावरण बनाने के लिए मोदी सरकार के निरंतर प्रयास इस विकास को गति प्रदान करते रहेंगे और विकसित भारत की ओर हमारे सफर को मजबूत बनाएंगे।

# चावल, गेहूं, चीनी और दालों के भाव बढ़े

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को लगभग सभी चीजों में तेजी रही। चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गयी जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 45 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये ऊपर रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। तुअर दाल 41 रुपये और मसूर दाल 40 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 33 रुपये और मूंग दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का



पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट टूटकर 4,495 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.86 प्रतिशत की बढ़त में 68.18 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। सूरजमुखी तेल औसतन 88 रुपये और वनस्पति 122 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 66 रुपये और मूंगफली तेल की 58 रुपये बढ़ गयी। सरसों तेल भी 17 रुपये मजबूत हुआ। वहीं, सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की मंदी देखी गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 39 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी आठ रुपये महंगी हुई।

दाल चना 7692.24 रुपये, मसूर काली 8081.03 रुपये, मूंग दाल 1068.81 रुपये, उड़द दाल 10826.80 रुपये, तुअर दाल 11269.25 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2783.80 रुपये और चावल 3856.44 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3266.34 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

### रुपया 19 पैसे मजबूत

*मुंबई ( वार्ता )। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को 19 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 93.1475 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 1.25 पैसे की बढ़त में 93.3375 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये की शुरुआत आज 4.75 पैसे ऊपर 93.29 रुपये प्रति डॉलर पर हुई। यह नीचे 93.3575 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद 93.10 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। अंत में 93.1475 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने आज भारतीय पूंजी बाजार में 25 करोड़ डॉलर लगाये। इससे रुपये को मजबूती मिली।*

# वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी का 15वां दौर आज

नयी दिल्ली (वार्ता)।




कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 15वें दौर की शुरुआत शुक्रवार को करने के साथ-साथ मुंबई में हितधारकों के साथ परामर्श बैठक आयोजित कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत ऊर्जा सुरक्षा के लिए कोयला विषय पर हितधारकों के साथ कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय का कहना है कि वर्ष 2020 में वाणिज्यिक कोयला खनन की शुरुआत के बाद से, इस पहल ने घरेलू कोयले की उपलब्धता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ किया है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार 15वें चरण की नीलामी में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने, विविध निवेशों को आकर्षित करने और उद्योग की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सबसे उदार शर्तों पर कोयला खदानें उपलब्ध कराने के उपाय किये गये हैं। इस चरण में पूरी तरह से खोजे गए और आंशिक रूप से खोजे गए कोयला ब्लॉकों का एक नया सेट पेश किया जाएगा, जिसमें अनुभवी खनिकों, नए प्रवेशकों और प्रौद्योगिकी-आधारित उद्यमों को समान रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# पेट्रोलियम आयात मार्च में 36 प्रतिशत सोने का 32 प्रतिशत कम हुआ




नयी दिल्ली (वार्ता)।

पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला में उत्पन्न बाधा के चलते मार्च में मूल्य के आधार पर देश का पेट्रोलियम आयात 35.91 प्रतिशत घटकर 1,218.28 करोड़ डॉलर रह गया। उल्लेखनीय है कि यह गिरावट मूल्य के आधार पर आयी है। अंतर्राष्टीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आये उछाल को देखते हुए मात्रा के आधार पर स्पष्ट रूप से इससे भी बड़ी गिरावट रही है। पिछले साल मार्च में 1,900.84 करोड़ रुपये के पेट्रोलियम पदार्थों का आयात किया गया था जिसमें कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस शामिल हैं। अमेरिका और इजरायल के गत 28 फरवरी को ईरान पर किये गये हमले और उसके बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान द्वारा पश्चिम एशिया के कई देशों में किये गये हमलों के कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गयी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार, सोने का आयात भी मार्च में मूल्य के आधार पर 31.63 प्रतिशत कम होकर 306.08 करोड़ डॉलर रह गया। पिछले साल मार्च में 447.65 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया गया था। खास बात यह है कि पेट्रोलियम की तरह ही सोने में भी यह गिरावट एक साल पहले के मुकाबले मूल्य में भारी वृद्धि के बावजूद दर्ज की गयी है। दूसरी तरफ, चांदी के आयात का मूल्य मार्च में 416.77 प्रतिशत की तेज उछाल के साथ 1,205.09 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले यह आंकड़ा 482.73 करोड़ डॉलर का था।




# अकासा एयर मुंबई से हनोई के लिए शुरू करेगी उड़ान

नयी दिल्ली (वार्ता)।

देश की नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने मुंबई से हनोई के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि वह इस साल चार सितंबर से भारत की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई और वियतनाम की राजधानी हनोई के बीच सेवा की शुरुआत करेगी। यह वियतनाम के लिए उसकी पहली उड़ान होगी जो सप्ताह में चार दिन उपलब्ध होगी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह दक्षिण-पूर्व एशिया में रणनीतिक विस्तार की एयरलाइंस की योजना का हिस्सा है। इस मार्ग के लिए बुकिंग शुरू हो गयी है। अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद श्रीनिवासन ने कहा कि हनोई के लिए सीधी उड़ान से दक्षिण एशिया में एयरलाइंस की उपस्थिति मजबूत होगी।

# मुनाफावसूली से टूटे प्रमुख सूचकांक

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को दिग्गज कंपनियों में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली से प्रमुख सूचकांक शुरुआती तेजी के बाद अंततः गिरावट में बंद हुए। सुबह 566 अंक चढ़कर खुलने वाला बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 122.56 अंक (0.16 प्रतिशत) गिरकर 77,988.68 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत नीचे 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज एक हजार अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 78,730.32 अंक और नीचे 77,674.93 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजार में सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। मझौली और छोटी कंपनियों में अच्छी लिवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहे। धातु, आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में अच्छी तेजी थी। वहीं, ऑटो, बैंकिंग, वित्त और तेल एवं गैस समूहों ने बाजार पर दबाव बनाया। एनएसई में कुल 3,324 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,145 के शेयर ऊपर और 1,087 के नीचे बंद हुए। अन्य 92 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक 1.75 प्रतिशत की गिरावट रही। टाइटन का शेयर 1.37 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.07 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी टूट गये। ट्रेंट में 2.69 प्रतिशत, इंटरनल में 2.54 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 2.30 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 1.81 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.05 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.02 प्रतिशत मजबूत हुआ। टाटा स्टील, टीसीएस, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, आईटीसी, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.38 प्रतिशत ऊपर रहा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.72 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.70 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.60 प्रतिशत ऊपर हैं।



# तरक्की का नया मार्ग खोलेगा नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे

### 972 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से होगा 72 कि.मी. लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे का उन्नयन और पुनर्निर्माण





**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नारी केवल सृष्टि की जननी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की उन्नति की वास्तविक सूत्रधार है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो उसकी नींव में आधी आबादी के सामर्थ्य, संघर्ष और सफलता की कहानियां स्पष्ट दिखाई देती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सामर्थ्य को संवैधानिक मान्यता देने और लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं के लिए नेतृत्व के नए द्वार खोलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देशवासियों के सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर भी समान रूप से ध्यान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा में संबोधित कर रहे थे।

### निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत पद बहनों के लिए आरक्षित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पहले से ही स्थानीय निकाय और नगरीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत पद बहनों के लिए आरक्षित हैं। राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य सरकार जो कहती है, उसे पूरा करती है। प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को अब तक 55 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि दी जा चुकी है। लाड़ली बहना योजना की शुरुआत से लेकर अब तक प्रति बहन 40 हजार 500 रुपए से अधिक राशि बहनों के बैंक खातों में आई है।

### सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रदेश में पहली बार शासकीय स्कूलों के बच्चों को माता यशोदा योजना के अंतर्गत नि:शुल्क दूध के पैकेट बांटे जाएंगे। और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त बनेंगे। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने और गौपालन को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरू की है। इससे हमारे भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार ने कठिन समय में सड़क पर घायलों की मदद के लिए राहवीर योजना शुरू की है, घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप देने की व्यवस्था है। गरीब-जरूरतमंदों की मदद के लिए एयर एम्बुलेंस भी संचालित की जा रही हैं।

### नर्मदापुरम जिला विविधता से परिपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि, पर्यटन, उद्योग, वन्य जीव और जनजातीय क्षेत्रों को समेटे नर्मदापुरम जिला विविधता से परिपूर्ण है। पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह के नाम पर कैबिनेट बैठक आयोजित की गई थी। नर्मदापुरम में नर्मदा लोक भी बन रहा है। नर्मदापुरम में उद्योग और कृषि के विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सड़कें विकास का आधार हैं, इस तथ्य को दृष्टिगत रख नर्मदापुरम जिले में अनेक सड़क परियोजनाओं का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सिवनी मालवा को लगभग 1000 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसमें 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है। यह केवल सड़क नहीं है, इससे सीधे इंदौर-उज्जैन तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा नदी आंवली घाट के हथनापुर गांव में सिंचाई परियोजना के विकसित करने की घोषणा की। इस परियोजना का लाभ क्षेत्र के 40 गांवों के 10 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नगर पालिका सिवनी-मालवा में सड़क, सीवेज, बिजली-पानी की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विशेष निधि से राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिवनी-मालवा-शिवपुर बावरी मुख्य मार्ग की मंजूरी, पीपलपुरा पुल निर्माण और बनापुरा के शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही शिवपुर और डोलपुर में सांदीपनि विद्यालय के लिए सर्वे कराने और एक विद्यालय की मंजूरी देने की घोषणा की।



## राज्यपाल ने जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया में हिस्सा लिया

### स्व-गणना पोर्टल पर की ऑनलाइन प्रविष्टि

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरूवार को लोक भवन में देश की 16वीं जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया में शामिल हुए। उन्होंने स्व-गणना पोर्टल पर ऑनलाईन स्व-गणना संबंधी जानकारियाँ दर्ज की। राज्यपाल को बताया गया कि जनगणना का कार्य प्रदेश में दो चरणों में किया जा रहा है। इस कार्य में प्रदेश के 1 लाख 60 हजार कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। देश में पहली बार केन्द्र सरकार ने नागरिकों को जनगणना की प्रक्रिया में सह भागिता का अवसर प्रदान करने के लिए स्व-गणना की अभिनव पहल की है। नागरिकों की सहभागिता से जनगणना की जानकारियों की पारदर्शिता बढ़ेगी। जानकारियों में किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना समाप्त हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में दो चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में एवं द्वितीय चरण- जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, कलेक्टर भोपाल प्रियंक मिश्रा एवं जनगणना संचालनालय मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान

**हटा (स्वतंत्र मत)।** थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी द्वारा 10वी एवं 12वी कक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने बाली छात्राओं का का सम्मान किया गया। मॉडल स्कूल की छात्रा प्रिंसी पिता नरेंद्र राय निवासी पांजी जिन्हें 96.4 प्रतिशत मैथ सबजेक्ट से हासिल किए हैं। अनुष्का पिता अनिल प्यासी 10वी सीएम राइज हटा की छात्रा 91 प्रतिशतएमानसी पिता ज्वाला राय निवासी पांजी कन्या हाईस्कूल 92.2 प्रतिशत एवं मान्या पिता विपुल नामदेव 91 प्रतिशत एव मैथ विषय में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर हटा का नाम रोशन किया है। सभी छात्राओं एवं उनके अभिवावकों को थाने बुलाकर सम्मानित किया गया है। थाना प्रभारी ने पुलिस परिवार की ओर से उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना ।

# योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने प्रशासन लगातार प्रयासरत रहेगा : कलेक्टर

### सिंगपुर में रात्रि चौपाल में कलेक्टर ग्रामीणों से रूबरू हुए, सीधा संवाद कियाए जानी जमीनी हकीकत



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव कल रात्रि दूरस्थ अंचल पर बसे आदिवासी बाहुल्य ग्राम सिंगपुर पहुंचे। यहां ग्रामवासी ने नवागत कलेक्टर को अपने बीच पाकर बेहत खुश नजर आयें। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम सिंगपुर और आसपास के गांवो से आए ग्रामीणों से योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी और सीधा संवाद किया। कलेक्टर यादव ने कहा शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है या नहीं, यह जानने के लिए अधिकारियों की टीम गांव में पहुंची। चौपाल के दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया और यह भी सुनिश्चित किया गया कि कोई पात्र व्यक्ति योजनाओ के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होने कहा ग्राम सिंगपुरए जो बटियागढ़ जनपद पंचायत का एक दूरस्थ क्षेत्र है, वहां लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। क्षेत्र में सिंचाई संसाधनों की कमी और सीमित कृषि क्षेत्र के कारण ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है।

कलेक्टर ने कहा प्रशासन का उद्देश्य है कि ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएए ताकि ग्रामीणों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान हो सके और वे मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा शासन की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत रहेगा और भविष्य में भी इस तरह के मैदानी निरीक्षण और चौपाल आयोजित होगी। उन्होंने कहा शासन द्वारा उत्थान तथा समाज के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई आदि योजनाओं लाभ उठाये और अच्छे से जीवन यापन करें।

इस आशय के विचार कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले की तहसील बटियागढ़ के ग्राम सिंगपुर में रात्रि चौपाल के दोरान कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अठ्या, सीईओ जनपद पंचायत बटियागढ़ एके सिंह, तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी मोजूद थे।

**2 ग्रामीणों ने सुनाई सरकार से मिली सहायता की कहानी**- कलेक्टर ने ग्रामवासियों से पूछा शिक्षक आते हैं, नियमित आते हैं बताया गया आते हैं परिणाम 100 प्रतिशत रहा हैं। टीकाकरण भी हो रहा हैं। बीएमओ ने बताया आयुष्मान कार्ड 17 रात्रि चौपाल में बन गए हैं। कलेक्टर ने पूछा आयुष्मान कार्ड मिला हैं एक हितग्राही ने कहा मेरा ऑपरेशन भी आयुष्मान कार्ड से हुआ हैं। दो हितग्राहियों ने आयुष्मान लाभ की कहानी सुनाई।

## वृद्धजन सम्मान और सेवा के पात्र, किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं : कलेक्टर



दमोह (स्वतंत्र मत)। जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज अपना घर वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओंए सुविधाओं और दैनिक जीवन की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री यादव ने कहा वृद्धजनों की सेवा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी लोगों को बेहतर सुविधाएं सम्मानजनक वातावरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान अधिकांश बुजुर्गों ने अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें यहां किसी प्रकार की परेशानी नहीं है और वे अच्छे वातावरण में रह रहे हैं। कलेक्टर श्री यादव ने इस पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि सभी खुश है।



## सिंग्रामपुर में टीबी स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने बताया कि टीबी उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 14 अप्रेल बाबा साहब अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन के मार्गदर्शन में जबेरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में एक विशेष टीबी स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया। इस शिविर में आधुनिक हैण्ड होल्ड मशीन से 72 उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग दौरान संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों में से 21 लोगों के सेम्पल नॉट जॉच हेतु एकत्रित किए गए जिससे टीबी की शीघ्र एवं सटीक पहचान सुनिश्चित की जा सके।

## कल्चुरी महासभा ब्लॉक हटा द्वारा मेधावी छात्राओं का सम्मान



**हटा (स्वतंत्र मत)।** ग्राम पांजी हटा में हनुमान जी मंदिर में मेघावी छात्राओं के सम्मान में एक कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में हनुमानजी की पूजा की एवं मेघावी छात्राओं का तिलक वंदन कर पुष्प माला एवं मुंह मीठा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुन्ना लाल पांडे, प्राणशंकर दुबे, सुनील राय हटा, रामकुमार राय हटा, संदीप राय हटा, नारायण साहू हटा, सोनू चौरसिया हटा, मुन्ना लाल राय हटा, जगदीश विश्वकर्मा, राजा पटेल, माखन लाल राय, जुगल प्रसाद राय, संतोष राय, ज्वाला राय, भानु राय, जयकांत राय, हरेंद्र राय, सौरभ राय, जितेन्द्र राय पांजी आदि की उपस्थिति रही।

# नारियों के सम्मान से ही देश प्रगति के पथ पर अग्रसर : शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री नारी शक्ति वंदन के सभाग स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए

भोपाल (स्वतंत्र मत)।




उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बेटियों की पूजा व नारियों के सम्मान से ही देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को संसद में आरक्षण देने के संबंध में जो विधेयक प्रस्तुत किया गया है। उससे भारत की आधी आवादी को देश हित के निर्णय में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। श्री शुक्ल ने नारी शक्ति पथ संचलन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री जी ने स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने के उपरांत अब संसद में भी प्रतिनिधित्व देने का जो संकल्प लिया है वह अभिनंदनीय है जिसके माध्यम से नारी शक्ति को समुचित सम्मान मिलेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक योजनाएँ व कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिसके माध्यम से महिलाएँ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ नारी की पूजा व सम्मान होता है वहां देवता भी वास करते हैं अत: नारी शक्ति का सम्मान करते हुए मजबूत इच्छा शक्ति के साथ उनके हक के लिये कार्य किये जा रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य की महिलाएँ किसी से पीछे नहीं हैं देश की पहली महिला फाइटर पायलट हमारे यहाँ की हैं।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हम महिलाओं के हित में हमेशा ही कार्य किया है। उनका संकल्प है कि हर घर की महिला जागरूक हो, आगे आये और बराबरी के साथ चले। लखपती दीदी, स्वसहायता समूहों में महिलाओं की भागीदारी के साथ ही स्थानीय निकायों में हमें प्रतिनिधित्व मिला और अब नई राह खुल रही है। कार्यक्रम में महिला विदुषी श्रीमती ज्ञानवती अवस्थी ने कहा कि हमारी संस्कृति में मातृ वंदना होती है। मातृ शक्ति को ही सृष्टि की रचना का श्रेय दिया गया है इसलिए वह वंदनीय है। नारी अपने चरित्र से पुरूषों को प्रेरणा देती है इस लिए उसका स्थान सर्वोपरी हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा में 10 से 25 अप्रैल तक महिलाओं के सम्मान में अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में संभाग स्तर का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने मोबाइल फोन से मिस्डकाल कर महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया। अवसर पर मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा तिवारी, श्रीमती गीता माझी, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र कुमार प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशिश्याम उइके, श्रीमती दर्शना वाकड़े, आशीष द्विवेदी, जीवेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व मातृ शक्तियाँ उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती तिवारी ने किया।

## 30 मई तक जनगणना 2027 का प्रथम चरण

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश में 1 मई से 30 मई तक जनगणना 2027 के प्रथम चरण. मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसमें प्रगणकों द्वारा घर.घर जाकर मोबाईल एप में आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। जनगणना 2027 में आम नागरिकों को स्व.गणना का विकल्प भी दिया गया है। स्वगणना का वेबपोर्टल 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आम नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगा। इस अवधि में नागरिक पोर्टल पर परिवार के किसी भी एक सदस्य के मोबाईल नंबर से रजिस्ट्रेशन करके अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर उन्हें अपने आवास की स्थितिए मकान में सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों की उपलब्धता की जानकारी दर्ज करनी होगी।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2026-27
दिनांक 16/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शिल्पी निखिल भरतिया पत्नी निखिल भरतिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक शिवार्थ एलैजा चौथा मील के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002967730 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 730 व.फु. प्रथम तल 1696 व.फु. द्वितीय तल 1445 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री शंकर हिरानी पिता मेवालदास हिरानी श्रीमति कौशल्या हिरानी पत्नी शंकर हिरानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2026-27
दिनांक 15/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नवदीप्ति शुक्ला पत्नी अजय शुक्ला ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक पी. 86 एस.आर.एस. लैंडमार्क फेस-2 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003269665 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1375 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1100 व.फु. प्रथम तल 1100 व.फु. द्वितीय तल 50 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती काजल डेंगरा पति श्री संजय डेंगरा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**// तृतीय निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | Tender ID-2025_UAD-492474_1<br>PRO 83 Date 16/04/2026 | नगर निगम जबलपुर के वार्ड गढ़ा में छोटे जैन मंदिर के पीछे रंजना कोरी के मकान से माया तिवारी के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 11.88 लाख<br>03 माह | 2,000/-<br>8910/- | 24/04/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।


कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

# 68 किमी कम होगी जबलपुर-इंदौर की दूरी

## इंदौर-बुधनी रेल लाइन में सुरंग निर्माण में आई तेजी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर और इंदौर के बीच रेल संपर्क को और अधिक सुगम और प्रभावी बनाने की दिशा में इंदौर-बुधनी नई रेल लाइन परियोजना में निर्माण कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। रेल विकास निगम भोपाल ने सुरंग निर्माण में अहम उपलब्धि हासिल करते हुए मुख्य सुरंग (सुरंग-2) में 500 मीटर और सुरंग-1 में 100 मीटर तक भूमिगत खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह प्रगति परियोजना के तेजी से आगे बढ़ने का संकेत है।



इस रेल लाइन के शुरू होने के बाद दोनों शहरों के बीच की दूरी करीब 68 किलोमीटर तक कम हो जाएगी, जिससे यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। सिर्फ यात्रियों के लिए ही नहीं, बल्कि माल परिवहन के लिहाज से भी यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। बेहतर कनेक्टिविटी से मध्य प्रदेश में व्यापार, उद्योग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को नया बल मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच तैयार हो रही इस परियोजना में दो सुरंगों के साथ-साथ तीन वायडक्ट का निर्माण भी किया जा रहा है। पूरी होने पर यह रेल लाइन मध्य और पश्चिम भारत के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली एक अहम कड़ी बनेगी।

### 3 किमी से ज्यादा लम्बी है सुरंग दो

उल्लेखनीय है कि सुरंग-दो की लंबाई तीन किमी से ज्यादा होने के कारण रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सुरंग के समानांतर 8.64 किमी लंबी एस्केप सुरंग (ईटी) का भी निर्माण किया जा रहा है। सुरंग निर्माण कार्य आधुनिक तकनीकों जैसे ऑस्ट्रिया की नई सुरंग निर्माण विधि (एनएटीएम), उन्नत मशीनरी एवं कड़े सुरक्षा मानकों के साथ किया जा रहा है। परियोजना के विभिन्न घटकों पर कार्य समानांतर रूप से प्रगति पर है।

### सुरंगों की स्थिति

**सुरंग एक :-** 1,156 मीटर। कुल 108 मीटर भूमिगत सुरंग की खुदाई पूरी हुई। पोर्टल-1 से 56 मीटर एवं पोर्टल-2 से 52 मीटर शामिल हैं।

**सुरंग दो :-** 8,640 मीटर (मध्य भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग)। कुल 500 मीटर भूमिगत सुरंग की खुदाई पूरी हुई। पोर्टल-1 से 265 मीटर एवं पोर्टल-2 से 235 मीटर शामिल हैं।



# जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं

## कलेक्टर ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की राज्य तथा जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए गुरूवार को शासकीय मॉडल स्कूल में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक सिंह गहलोत उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जिले के प्रगतिशील परीक्षा परिणामों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 73.42 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 77.26 प्रतिशत रहा है, जिसमें शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन विशेष रूप से उत्कृष्ट रहा है।

### प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न किया भेंट

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने छात्र-छात्राओं को निरंतर अध्ययनशील रहते हुए राष्ट्र एवं समाज के उत्थान में योगदान देने तथा गुरुजनों के प्रति सम्मान का भाव रखने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने परीक्षा में असफल रहे विद्यार्थियों को भी निराश न होकर पुनः पूर्ण मनोयोग एवं कठिन परिश्रम के साथ प्रयास करने की सीख दी। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त 12 तथा जिला स्तरीय सूची के 27 विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री के ना आने से सिहोरावासियों में नाराजगी

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

खितौला रेलवे ओवर ब्रिज के शुभारंभ को लेकर जहां क्षेत्र में उत्साह का माहौल था, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल न होने की खबर से सिहोरा वासियों में नाराजगी देखि गयी। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इसे क्षेत्र की लगातार उपेक्षा का प्रतीक बताते हुए आक्रोश जताया । दरअसल, 26 दिसंबर 2025 को भोपाल में सिहोरा जिला बनाए जाने की मांग को लेकर गए प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के आग्रह पर सिहोरा आने की सहमति दी थी और स्थानीय विधायक संतोष बरकड़े को कार्यक्रम तय करने के निर्देश भी दिए थे। इसके बाद विधायक द्वारा खितौला रेलवे ओवर ब्रिज के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री के आगमन का प्रस्ताव रखा गया । लेकिन अब 17 अप्रैल को प्रस्तावित शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के स्थान पर मंत्री एवं पूर्व सांसद राकेश सिंह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की घोषणा से लोगों की उम्मीदों को झटका लगा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के न आने से सिहोरा के विकास और जिला बनाने की मांग को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और आंदोलन से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि जल्द ही सिहोरा की उपेक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आगामी समय में बड़े आंदोलन की रणनीति बना सकते हैं।

# मनमोहन नगर से लेकर पाटन तक एचवीपी टीकाकरण केंद्रों की जांच

## राज्य स्तरीय टीम के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए चलाए जा रहे एचवीपी टीकाकरण कार्यक्रम की हकीकत जानने राज्य स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस आकस्मिक जांच की खबर मिलते ही स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप की स्थिति रही। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सूर्यकांत दीक्षित के नेतृत्व में टीम ने पहले दिन शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर, पाटन और कटंगी का दौरा किया। दूसरे दिन टीम ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्नेह नगर और उखरी में टीकाकरण सत्रों का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. भरत खटीक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**छात्राओं से सीधा संवाद** - निरीक्षण के दौरान टीम सेंट नॉर्बर्ट गर्ल्स स्कूल और पीएम श्री महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल पहुंची। यहाँ अधिकारियों ने लाभार्थी छात्राओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की और उन्हें इस महत्वपूर्ण टीके का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिन बालिकाओं ने टीका लगवा लिया है, उन्होंने अन्य सहेलियों से भी निःशुल्क टीका लगवाने की अपील की।

**सुनिश्चित कराएं टीकाकरण** - कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी और जिला शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट किया कि जिले की हर पात्र किशोरी बालिका को जागरूक कर उसका टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण में यूएनडीपी कार्यक्रम अधिकारी अतुल करकरे, विजय पांडे (जिला डेटा प्रबंधक) और विकास शर्मा सहित स्थानीय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।



# फूटी पाइप लाइन से आमजन परेशान

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर के कुम्हार मोहल्ला में पिछले 15 दिन से नल जल योजना की मेन पाइप लाइन फूटी पडी है, जिससे कई गैलन पानी अब तक बह चुका है। इस फूटी पाइप से निकलने वाला पानी मुख्य मार्ग में भर जाता है जिससे गांवों के लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। पाईप लाइन की रिपेयरिंग करने के लिए वार्ड के निवासी अनेक बार ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव से निवेदन कर चुके है पर अभी तक पाइपलाइन का सुधार कर नहीं किया गया है। गौरतलब है की नल जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा बिछाई गई यह पाइप लाइन प्रतिदिन किसी न किसी मोहल्ले में फूटती है। वार्ड वासियों ने इस संबंध में प्रशासन से ध्यान देने की मांग की है।

# सेना में अनुशासन एवं लगन सर्वोपरि

## सेना में कॅरियर अवसर संबंधी मार्गदर्शन व्याख्यान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, पंडित रामशंकर बन्नी लाल पाठक शासकीय महाविद्यालय बरेला में सेना में कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये सेना भर्ती की जानकारी प्रदान करते हुये भर्ती अधिसूचना, आवेदन करने की प्रकिया के साथ-साथ सेना के लिए शारीरिक योग्यता, लिखित परीक्षा एवं फिजिकल टेस्ट के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रो. शुक्ल ने बताया कि अग्निवीर योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है।



जिसका उददेश्य भारतीय सेना में युवाओं की प्रतिभागिता को बढ़ाना है। सेना में अनुशासन एवं लगन सर्वोपरि है। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत डॉ. राजेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश मिश्रा, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. अजीत राय, डॉ. रितु श्रीवास्तव, डॉ. किरण हीरा, डॉ. भगत सिंह उइके, डॉ.जुगल किशोर मेवारी के साथ महाविद्यालय के 72 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत, पति और पुत्र घायल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मंझौली थाना क्षेत्रातंर्गत कटाव घाट में गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे बाईक सवार दंपत्ति और उनके बेटे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई और उसका पति व पुत्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस को लालमन ठाकुर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कूड़ा कटंगी ने सूचना दी कि वह खेती किसानी करता है। बीते दिवस उसके बड़े भाई बेड़ीलाल, भाभी सुहागरानी एवं भतीजा दशरथ परिवारिक लगुन कार्यक्रम में सम्मिलित होने ग्राम सिहोदा उजियार सिंह के यहां गये थे। जहां से गुरुवार सुबह लगभग 8-30 बजे अपनी मोटर सायकल से घर ग्राम कूड़ा कटंगी वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे कटाव घाट के पास पहुंचे, उसी समय किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिली को टक्कर मार दी। उसकी भाभी श्रीमति सुहागरानी ठाकुर उम्र 50 वर्ष के सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मृत्यु हो गयी है। वहीं बड़े भाई बेड़ीलाल एवं भतीजे दशरथ के हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आई है। दोनों को शासकीय अस्पताल मंझौली से प्राथमिक उपचार के बाद अग्रिम उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# एसपी की पाठशाला के 63 चमकते सितारों का हुआ सम्मान

### डीआईजी अतुल सिंह और एसपी सम्पत उपाध्याय ने किया सम्मानित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पुलिस लाइन में संचालित एस.पी. की पाठशाला ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हुए 63 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



डीआईजी अतुल सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा जैसे आग में तपकर सोना कुंदन बनता है, वैसे ही आप अपनी कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने इस कोचिंग को गरीब और मध्यमवर्गीय बच्चों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म बताया। कप्तान सम्पत उपाध्याय ने जानकारी दी कि वर्ष 2020 से शुरू हुई इस पाठशाला ने अब तक कुल 309 युवाओं को सरकारी सेवाओं में पहुँचाया है। उन्होंने भविष्य में इस सुविधा को और भी बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया।

### सफलता का लेखा-जोखा

**मध्य प्रदेश पुलिसः** 53 कांस्टेबल
**अर्धसैनिक बलः** 4 कांस्टेबल
**शिक्षा विभाग :** 03 (वर्ग-3)
**बैंकिंग क्षेत्र :** 1 ग्रामीण बैंक, 01 क्लर्क (इंडियन बैंक)
**दिल्ली पुलिस :** 1 आरक्षक



# लार्डगंज पुलिस ने दबोचा शातिर वाहन चोर

**जबलपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लार्डगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी नवल आर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 11 दुपहिया वाहन जप्त किए हैं। पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि वाहन चोरी की वारदातों में लिप्त वरुण उर्फ कृष्णा यादव गोलबाजार क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने तत्काल टीम भेजकर घेराबंदी की और आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पैसों की तंगी और कर्ज चुकाने के लिए चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया।

पूछताछ करने पर आरोपी ने लार्डगंज (05), ओमती (01), पनागर (01), गढ़ा (01), तिलवारा (01) और गोहलपुर (02) क्षेत्रों से वाहन चोरी करना कबूला। आरोपी की निशानदेही पर यादव कॉलोनी स्थित जयनगर पार्क के पास से 06 मोटर सायकिल और 05 स्कूटी बरामद की गई हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी नवल आर्य, उप निरीक्षक राहुल बघेल, एएसआई राजेश वर्मा और पंकज सनोडिया, आरक्षक हुलेश, शुभम, आदर्श, कुंदन एवं महिला आरक्षक पूनम गुप्ता की विशेष भूमिका रही।

## महिला के गले से चेन लूट ले गये नकाबपोश बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर थाना क्षेत्रातंर्गत चंडालभाटा फ्लाई ओव्हर चढ़ाई के समीप विगत दिनों बाईक सवार नकाबपोश स्कूटी सवार महिला के गले से झपट्टा मारकर चेन लूट ले गये। आधी चेन टूटकर महिला के दुपट्टे में ही फंसी रहीं और आधी चेन आरोपी ले उड़े। वारदात एक सप्ताह पूर्व घटित हुई थी। जिसकी शिकायत बीती रात गोहलपुर थाने में दर्ज करायी गई।

पुलिस ने बताया कि घमापुर शीतलामाई निवासी 52 वर्षीय संध्या रावत विगत 7 अप्रैल की शाम करीब सात बजे अपनी बहू मान्सी रावत के साथ एक्सिस गाड़ी से माढ़ोताल बजरंग नगर से वापस अपने घर घमापुर जा रहीं थी। जैसे ही वे चंडालभाटा फ्लाईओव्हर के समीप पहुंची, उसी समय मोटर साइकिल सवार दो बदमाश नकाब पहने हुए पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली, जैसे ही उन्होंने चेन पकड़ी तो वह टूट गई, जो कि आधी उनके दुपट्टे में फंस गई और आधी चेन आरोपी लूट ले गये।

# 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षा में हितकारिणी गोविंदगंज के विद्यार्थियों का दबदबा

## उत्कृष्ट प्रदर्शन कर किया शाला का नाम रोशन







**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित की गई वर्ष 2025-26 की हाई स्कूल दसवीं एवं हायर सेकेण्डरी बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हितकारिणी स्कूल गोविंदगंज के विद्यार्थियों ने शाला का नाम रोशन किया है। इन परीक्षाओं में कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत एवं कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा है।

**इन विद्यार्थियों ने शाला का नाम किया रोशन** - कक्षा 12वीं की परीक्षा में 456/500 अंक लाकर साहिबा नामदेव ने 91.2 प्रतिशत हासिल किए है। इसी प्रकार 10वीं की छात्रा वैष्णवी रजक ने 464/500 अंक लाते हुए 92.8 प्रतिशत हासिल किए हैं। छात्रा वैष्णवी कोरी ने 462/500 अंक लाते हुए 92.4 प्रतिशत हासिल किए है। छात्रा वैष्णवी सेन ने 460/500 अंक लाते हुए 92 प्रतिशत हासिल किए हैं। छात्रा मोनिका साहू ने 454/500 अंक लाते हुए 90.8 प्रतिशत हासिल किए हैं। विद्यालय के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट सफलता का श्रेय छात्रों के कठिन परिश्रम, प्राचार्या तथा अध्यापकों के मार्गदर्शन को जाता है।

# शराबी वृद्ध की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाने में ग्राम मुड़िया रोसरा निवासी आशीष गुर्जर ने सूचना दी कि उसके पिता 68 वर्षीय राजेन्द्र गुर्जर शराब पीने के आदि थे, जो कि बीते दिवस कहीं चले गये थे, जो शाम तक वापस नहीं आये। जिसके बाद उनकी खोजबीन की गई जो उडना कलारी के पास शराब दुकान के सामने तरफ सड़क किनारे उसके पिता मृत हालत में मिले, हालांकि उनके शरीर पर किसी प्रकार के जाहिरा चोट के निशान नहीं है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**